* ओड़िशा संस्करण

21 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 04

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही















# कपाट खुले, भक्तों का सैलाब उमड़ा

# देर रात तक मस्ती में झूमते रहे श्रद्धालु

- कोलकाता से कम नहीं है रांची की दुर्गा पूजा
- एक से बढ़ कर एक पंडाल शहर में आकर्षण का केंद्र बने

सलोनी प्रजापति

**रांची (आजाद सिपाही)।** 'या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।' शनिवार यानी आज मां कालरात्रि की पूजा से शारदीय नवरात्र का सातवां दिन शुरू हो रहा। मां कालरात्रि की पूजा जीवन में आनेवाले संकटों से रक्षा करती हैं। मां कालरात्रि शत्रु और दुष्टों का संहार करती हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने से तनाव, अज्ञात भय और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। दरअसल, शारदीय नवरात्र के हर दिन का अलग-अलग महत्व है। शारदीय नवरात्र का छठा दिन मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी को समर्पित था। ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण इनका नाम कात्यायनी रखा गया। मां कात्यायनी की पूजा से विवाह संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। इन बातों की जानकारी पूजा-पाठ करनेवालों को है और वे उसके अनुसार नौ दिनों तक पूजा-पाठ करते हैं। इन सब के बीच झारखंड खासकर रांची के लोगों को पंचमी और षष्ठी से एक और बात का इंतजार रहता है। वह है शहर में बने पूजा पंडालों के पट्ट खुलने का।

**प्रमुख पंडालों के पट खुले :** यों तो कोलकाता की दुर्गा पूजा को सर्वश्रेष्ठ कहा जाता है, लेकिन रांची की पूजा भी कम नहीं। शहर के कुछ पूजा पंडाल पंचमी के बाद खुल गये, जबकि ज्यादातर पंडाल मां कात्यायनी और बेल वरण के साथ शुक्रवार को खुले। रांची में शुकवार को 24 पूजा पंडालों का उद्घाटन हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक सुदेश महतो, सांसद संजय सेठ समेत अन्य नेतागण पंडालों का उद्घाटन करने में व्यस्त रहे। बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति दीपाटोली, कोकर दुर्गा पूजा समिति, सत्य अमर लोक, शिव सेना क्लब पिस्का मोड़, शक्ति स्त्रोत संघ, प्रगति प्रतीक क्लब, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति पिस्का मोड़, उपकार क्लब चुटिया, दुर्गा बाड़ी मेन रोड, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, बिहार क्लब कचहरी रोड, त्रिकोण हवन कुंड, ज्योति संगम, हरिमति मंदिर वर्द्धमान कंपाउंड, आरएंडडी सेल कॉलोनी, मेकन कॉलोनी पूजा समिति, श्रीश्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति साउथ रेलवे कॉलोनी, ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा सप्पन सेट सेमत कई पूजा पंडाल खुल गये हैं।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र की षष्ठी के अवसर पर बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का किया अनावरण। देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवा कर राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि और शांति की कामना की।



## हर पंडाल और सजावट अपने आप में अलग

मां दुर्गा के नौ स्वरूप हैं, जिनका पूजा पंडाल में दर्शन होता है। मूर्तियां इसी पर आधारित होती हैं। पंडाल का महत्व वहां की सजावट, डिजाइन, थीम आदि के कारण बढ़ जाता है। ऐसा ही कुछ हर पूजा समिति वाले लोगों को आकर्षित करने के लिए अपने-अपने पंडालों को तैयार करवाते हैं। गाड़ीखाना और छप्पन सेठ में चंद्रयान-3 की थीम ली गयी है। बकरी बाजार में चक्रव्यूह की रचना की गयी है। आर-आर स्पोर्टिंग क्लब में पुनर्जन्म की थीम पर पंडाल बना है। हरमू में गुजरात के श्रीस्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप तैयार किया गया है। इसी तरह हर पूजा-पंडाल अलग-अलग थीम पर आधारित है। पूजा मंडप की भव्यता 300 मीटर दूर से ही नजर आ रही है। इसके लिए खास लाइटिंग वाले तोरण द्वार लगाये गये हैं।



## पंडालों में जुटने लगी लोगों की भीड़

पंडाल के साथ-साथ लाइट की सजवाट भी लोगों को काफी आकर्षित करती हैं। इसलिए पंडालों के पट खुलते ही शुक्रवार रात से लोगों की भीड़ जुटने लगी है। देर रात तक पंडाल देखनेवालों की भीड़ लगी हुई थी। सड़कों पर चकाचौंध करने वाली सजावट के साथ वाहनों की लंबी लाइनें दिखीं। उधर, छोटे-छोटे सामान बेचने वाले, बच्चों को आरकर्षित करने के लिए विभिन्न राइडर और मेला भी सज कर तैयार हो गया है। शुक्रवार की भीड़ केवर ट्रेलर थी, पूरी फिल्म अभी बाकी है, जो अगले चार दिन तक चलेगी।

# शराब घोटाला : योगेंद्र आठ दिनों की रिमांड पर

## इडी ने कोर्ट से 14 दिन की मांगी थी रिमांड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को रांची (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। योगेंद्र तिवारी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने बहस की। इडी की ओर से योगेंद्र तिवारी से पूछताछ करने के लिए 14 दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी गयी, जिसका योगेंद्र तिवारी के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद अदालत ने आठ दिनों की रिमांड की अनुमति दी। अब इडी योगेंद्र तिवारी को आठ दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

### 19 अक्टूबर देर शाम इडी ने किया था गिरफ्तार

इडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार देर शाम गिरफ्तार किया था। उन पर शराब घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और मनी लांड्रिंग का आरोप है। इस मामले में इडी ने बीते 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित डॉ राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल हैं। इसके बाद उनसे संपत्ति का ब्योरा लिया गया और पूछताछ के लिए भी बुलाया गया था। शुक्रवार को जब उनसे दोबारा पूछताछ हुई, तो वह कई सवालों का संतुष्टिपूर्णजवाब नहीं दे पाये। इसके बाद इडी ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया था।

### योगेंद्र तिवारी अपने कई कर्मचारियों के नाम पर भी करते थे करोबार

इडी ने योगेंद्र को रिमांड पर लेने के लिए जो वजहें बतायी हैं, उसमें इस बात का जिक्र है कि योगेंद्र तिवारी ने अपने कई कर्मचारियों के नाम पर बैंक अकाउंट खुलवाये और उसका संचालन वह खुद करते थे। यही नहीं योगेंद्र तिवारी बालू के अवैध कारोबार और शराब का कारोबार के लिए अपने कर्मचारियों के नाम का इस्तेमाल करते थे। अपने कर्मचारियों का नाम उसने अपने पार्टनर के रूप में दिखाया, लेकिन कारोबार का पूरा कंट्रोल अपने पास रखा। अवैध खनन एवं लैंड स्कैम के आरोपी प्रेम प्रकाश के साथ मिलकर योगेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021 में झारखंड में उच्च पद पर बैठे नौकरशाहों और नेताओं की मदद से शराब के व्यवसाय का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया। इडी ने इस संबंध में संथाल परगना के अलग अलग जिलों के विभिन्न थानों में दर्ज एक दर्जन से ज्यादा प्राथमिकी को एक साथ लेकर मामला (कांड संख्या एउक्म/फ्छेड/09/2022) दर्ज किया है। इडी ने देवघर जिले के टाउन थाना में दर्ज जिस कांड संख्या 342/2022 को टेकअप किया है, उसमें कुल 25 लोग आरोपी बनाए गये हैं।






## न्यूज रील्स

### नौसेना को गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आएनएस इंफाल मिला

मुंबई। मुंबई में इंडियन नेवी को शुक्रवार को एक और स्वदेशी जहाज मिल गया। गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर वाला तीसरा स्टील्थ युद्धपोत इंफाल नेवी को सौंप दिया गया। ये जहाज जमीन से जमीन सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल और मीडियम रेंज सतह से हवा में मार करनेवाली 'बराक-8' मिसाइल से लैस है। इसमें पानी के अंदर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित एंटी-सबमरीन वेपन और सेंसर, सोनार हमसा एनजी हेवीवेट टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर और रॉकेट लांचर लगाया गया है।

### हाइकोर्ट ने संजय सिंह की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। संजय को इडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें इडी की रिमांड में भेज दिया था। संजय सिंह ने मामले में गिरफ्तारी और इडी की दी गयी रिमांड को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी।

# देश की पहली रैपिड ट्रेन का पीएम ने किया उद्घाटन

## मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं, न ही मरते-मरते चलने की: मोदी

- ट्रेन में टिकट खरीद कर सफर भी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। न ही मुझे मरते-मरते चलने की आदत है। दिल्ली-मेरठ का रैपिड ट्रेन का ये ट्रैक शुरुआत है। पहले फेज में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,



राजस्थान के इलाके नमो भारत से कनेक्ट होंगे। देश के बाकी हिस्सों में ऐसा ही सिस्टम बनेगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को देश की पहली रैपिड ट्रेन नमो भारत के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद से देश की पहली रैपिड ट्रेन नमो भारत को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर आरआरटीएस कनेक्ट ऐप की भी शुरूआत की। मोदी ने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करके पहला टिकट खरीदा। वह नमो ट्रेन में बैठकर वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान पर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने नमो भारत ट्रेन में सफर के दौरान ट्रेन की महिला स्टाफ से बातचीत की। उन्होंने सीट पर बैठकर कुछ स्कूली बच्चियों से भी बातचीत की। उधर, खुली जिप्सी पर हाथ हिलाते हुए वह लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# ‘औकात’ और ‘धोखेबाज-चिरकुट’ के बीच दम तोड़ता इंडी अलायंस

## ■ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जारी तू-तू-मैं-मैं के साथ अब ब्रेकअप लगभग तय

## ■ गठबंधन के दूसरे दलों के भीतर से भी उठने लगी कांग्रेस की चौधराहट के विरोध में आवाज

**2024 में होनेवाले संसदीय चुनाव से पहले पूरे ताम-झाम से बना विपक्ष का इंडी अलायंस (आइएनडीआइए) अभी से ही बिखरने लगा है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जारी तू-तू-मैं-मैं और ‘कमजोर’ और ‘धोखेबाज-चिरकुट’ जैसे विशेषणों के आदान-प्रदान के बाद अब यह लगभग तय हो गया है कि इस गठबंधन से समाजवादी पार्टी का मोहभंग हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि उन्हें अगर पहले पता होता कि यह गठबंधन केवल राष्ट्रीय स्तर के लिए है, तो वह गठबंधन करते ही नहीं। इतना ही नहीं, उन्होंने कांग्रेस को ‘धोखेबाज’ करार देते हुए उसके नेताओं से कहा कि वे अपने ‘चिरकुट’ नेताओं से बयानबाजी कराना बंद करें। इससे पहले यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मध्यप्रदेश में सपा द्वारा उम्मीदवार खड़े किये जाने को लेकर उस पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि मध्यप्रदेश में कोई ‘औकात’ नहीं है। इन दोनों पार्टियों के बीच इन विशेषणों के आदान-प्रदान के साथ विपक्षी गठबंधन में ब्रेकअप की शुरुआत हो गयी है और अब यह तय हो गया है कि यूपी में लोकसभा का चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय ही होगा। इतना ही नहीं, बंगाल और दिल्ली-पंजाब में भी कांग्रेस की चौधराहट का विरोध होने लगा है। कांग्रेस और सपा के बीच जारी कलह की पृष्ठभूमि में विपक्षी गठबंधन की लगातार कमजोर होती इस हालत का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



अगले साल के पूर्वार्द्ध में होनेवाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे राजनीतिक दल हर दिन नयी परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। महज एक महीने पहले पूरे ताम-झाम से बनाये गये विपक्षी दलों के इंडी अलायंस या आइएनडीइए गठबंधन के भीतर भी अभी से ही उठापटक शुरू हो गयी है। इसके साथ ही अब लगने लगा है कि यह गठबंधन चुनावों से पहले ही खत्म हो जायेगा।

### कैसे शुरू हुआ मतभेद

दरअसल, मध्यप्रदेश में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच तनातनी शुरू हुई। कांग्रेस ने राज्य की कम से कम छह सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को उतारने का वादा किया था, लेकिन सूची जारी करते समय वह इसे भूल गयी। इससे अखिलेश नाराज हो गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया है। इसके बाद उन्होंने राज्य की 17 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिये। इसके कारण लोकसभा चुनाव में गठबंधन होने की संभावनाओं पर बड़ा पेंच फंस गया।

### क्या कहा अखिलेश यादव ने

मध्यप्रदेश में दोनों दलों के बीच कोई गठबंधन न होने से समाजवादी पार्टी नाराज है और उसके नेता अखिलेश यादव ने साफ कह दिया है कि कांग्रेस नेतृत्व को यह तय करना है कि आइएनडीआइए गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर होगा या प्रदेश के स्तर पर। उन्होंने कहा कि यदि मध्यप्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के लिए कोई सीट नहीं छोड़ती है, तो उसे लोकसभा चुनावों में यूपी में गठबंधन की बात भूल जानी चाहिए, यानी लोकसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच गठबंधन पर ग्रहण लग गया है। अखिलेश यादव ने यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को ‘चिरकुट’ नेता बताते हुए कांग्रेस को सलाह दी है कि वह अपने इन नेताओं से सपा के खिलाफ बयानबाजी न कराये।

### क्या कहा अजय राय ने

मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी द्वारा प्रत्याशी की सूची जारी किये जाने पर यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कह दिया कि मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी की कोई ‘हैसियत’ नहीं है और वह ‘औकात’ में रह कर ही बात करे। इस तरह दोनों दलों के बीच तू-तू-मैं-मैं तेज हो गयी। अजय राय ने कहा कि उनकी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता यूपी में पार्टी को मजबूत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पार्टी यूपी की सभी सीटों पर अपनी तैयारी कर रही है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को यह तय करना है कि उसे समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में जाना है या नहीं। लेकिन समझौता होने पर भी समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के राजनीतिक कद को ध्यान में रखना होगा। उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने पर केवल राहुल गांधी ही मोदी के विरुद्ध एक विकल्प हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव भाजपा को हराने के लिए संकल्पबद्ध हैं, तो उन्हें हर उस स्थान पर कांग्रेस को मजबूत करना चाहिए, जहां पार्टी मजबूत है।

### कांग्रेस का स्टैंड

दूसरी तरफ कांग्रेस नेता भी समाजवादी पार्टी के सामने झुकना नहीं चाहते। पार्टी के नेताओं का मानना है कि कर्नाटक-हिमाचल प्रदेश में मिली जीत के बाद कांग्रेस इस समय मजबूत स्थिति में है। इस समय चल रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कम से कम चार राज्यों में उसकी सरकार बन सकती है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इन चुनावों के बाद पार्टी की स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मजबूत नेता के तौर पर उभर सकते हैं। पार्टी को इसका सीधा लाभ लोकसभा चुनावों में हो सकता है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि पार्टी को एक बार फिर मजबूती से खड़ा करने के लिए यह बिल्कुल सही समय है और उसे अपने दम पर आगे बढ़ना चाहिए।

### सपा को साथ लेने से लाभ या नुकसान

हालांकि कांग्रेस को समाजवादी पार्टी का साथ लेने से उसे लाभ होगा या नुकसान, इस पर पार्टी नेताओं की राय बंटी हुई है। ज्यादातर नेता मानते हैं कि समाजवादी पार्टी की जिस तरह नकारात्मक छवि बनी हुई है, उसे देखते हुए कांग्रेस को उसके साथ गठबंधन में नहीं जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसके पहले भी पार्टी ने समाजवादी पार्टी से यूपी विधानसभा चुनाव में गठबंधन किया था। परिणाम हुआ कि पार्टी केवल सात सीटों पर सिमट गयी। समाजवादी पार्टी का नकारात्मक प्रदर्शन और आपराधिक छवि के नेताओं के साथ दिखने का समाजवादी पार्टी का बोझ कांग्रेस पर भारी पड़ा। इन नेताओं का मानना है कि यदि पार्टी अपने दम पर लड़ी होती, तो वह ज्यादा बेहतर कर सकती थी।

### मुसलमान अब सपा के साथ नहीं

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के विकल्प को सत्ता में लाने के लिए मुस्लिम मतदाताओं ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का साथ दिया। लेकिन इसके बाद भी सपा भाजपा को टक्कर देने में असफल रही। इसका कारण यही रहा कि भाजपा ने समाजवादी पार्टी के शासन में हुई आपराधिक घटनाओं को मुद्दा बनाया और जनता को सुरक्षा देने का वादा किया। यह मुद्दा चल गया और समाजवादी पार्टी समाज के बड़े हिस्से के समर्थन के बाद भी कोई कमाल नहीं कर सकी। कांग्रेस नेताओं को लगता है कि सपा अभी अपनी उस छवि से बाहर नहीं निकल पायी है और उसके साथ गठबंधन में जाने से नुकसान होगा। वर्ष 2022 में भाजपा के सामने एक विकल्प के लिए मुसलमानों ने समाजवादी पार्टी का साथ दिया था, लेकिन उन्होंने पाया कि इसके बाद भी सपा भाजपा को रोक पाने में असफल रही। इस कारण उनमें सपा को लेकर संदेह बढ़ा है। दूसरी ओर, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और राहुल गांधी ने भाजपा से लड़ने में अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता ज्यादा मजबूती के साथ साबित किया है। यही कारण है कि कर्नाटक से चली हवा आगे बढ़ रही है और माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में मुसलमान मतदाता कांग्रेस के साथ पूरी तरह एकजुट हो सकता है। पार्टी नेताओं का मानना है कि उन्हें इस अवसर का लाभ उठा कर देश के सबसे बड़े प्रदेश में अपने आपको मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। यदि यूपी में दोनों दलों के बीच समझौता होता भी है, तो उसे ज्यादा सीटों की दावेदारी करनी चाहिए और सपा के सामने झुक कर अपना अस्तित्व दांव पर नहीं लगाना चाहिए।

### गठबंधन के दूसरे दलों में भी कांग्रेस का विरोध

इधर कांग्रेस के साथ सपा की तनातनी का असर पूरे विपक्षी गठबंधन पर पड़ता दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर भी कांग्रेस के खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं। पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ घूस लेकर सवाल पूछने के आरोप लगने के बाद पार्टी नेतृत्व की चुप्पी को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। बताया जाता है कि हाल के दिनों में महुआ मोइत्रा की कांग्रेस के साथ नजदीकी बढ़ी है और इससे ममता बनर्जी के करीबी नेता खफा हैं। इसलिए उन्होंने ममता को महुआ मोइत्रा के समर्थन में उतरने से रोक दिया है। उधर आम आदमी पार्टी भी संजय सिंह की गिरफ्तारी के मुद्दे पर कांग्रेस की चुप्पी से नाराज है। पार्टी के नेता कहने लगे हैं कि कांग्रेस केवल सत्ता पाने के लिए ही विपक्षी दलों के साथ आयी है। यदि चुनाव से पहले यह हाल है, तो फिर यदि सत्ता मिल जाती है, तो क्या होगा।

### अवसरवादी गठबंधन नहीं चलेगा : भाजपा

विपक्षी गठबंधन में जारी इस उठापटक से सबसे अधिक राहत भाजपा को मिली है। यूपी भाजपा ने तो कहा है कि बार-बार यह सामने आ रहा है कि विपक्षी गठबंधन केवल लालची और अवसरवादी नेताओं का जमावड़ा है। उन्हें राष्ट्रहित से कोई लेना देना नहीं है, बल्कि वे केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के एकमात्र एजेंडे से एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दिल्ली-पंजाब-मध्यप्रदेश में कहीं भी आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं हो पा रहा है। समाजवादी पार्टी के साथ उनका गठबंधन टूट चुका है और तृणमूल कांग्रेस राहुल गांधी को जगह देने के लिए तौयर नहीं है। इससे साबित हो जाता है कि यह अवसरवादी गठबंधन टूटना तय है।

---

## राजनीतिक हलचल

## महुआ-हीरानंदानी का घमासान

# महुआ ने लॉगिन-पासवर्ड शेयर किया, पीएम मोदी की छवि बिगाड़ने की कोशिश की : दर्शन हीरानंदानी

रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने दर्शन हीरानंदानी के आरोपों के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में महुआ मोइत्रा ने कई बड़े दावे किये हैं। उन्होंने पीएमओ पर गंभीर आरोप लगाये हैं। महुआ मोइत्रा ने लिखा है कि हीरानंदानी ग्रुप ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था। अब एक हलफनामा मीडिया में लीक हो रहा है, जो किसी लेटरहेड पर नहीं है और ये भी नहीं पता है कि यह कहां से लीक हुआ है, जिसे लेकर कुछ गंभीर सवाल उठ रहे हैं। महुआ मोइत्रा ने प्रेस विज्ञप्ति में पूछा कि सीबीआइ और संसद की नैतिक समिति ने या फिर किसी भी जांच एजेंसी ने अभी तक दर्शन हीरानंदानी को समन नहीं भेजा है। ऐसे में उन्होंने ये हलफनामा किसे दिया? हलफनामा एक सफेद पेपर पर है, ना कि किसी लेटरहेड पर या फिर नोटरी पर। देश का सबसे इज्जतदार और पढ़ा-लिखा बिजनेसमैन एक सफेद पेपर पर हस्ताक्षर क्यों करेगा, अगर उसके सिर पर किसी ने बंदूक ना रखी हो तो? विज्ञप्ति के अनुसार, पत्र में जो लिखा गया है, वह एक मजाक है। यह साफ है कि इसे पीएमओ में किसी के द्वारा लिखा गया है। मेरे कथित भ्रष्टाचार में हर विरोधी का नाम है। शार्दुल श्रॉफ, सिरिल श्रॉफ का भाई है और दोनों का बिजनेस के बंटवारे को लेकर झगड़ा है। सिरिल श्रॉफ, गौतम अदाणी का समधी है। राहुल गांधी और शशि थरूर दोनों लगातार सरकार पर निशाना साधते रहते हैं। सुचेता दलाल एक खोजी पत्रकार हैं और वह भी सरकार को हमेशा कटघरे में खड़ा करती रहती हैं। साफ है कि किसी ने कहा होगा कि सबका नाम घुसा दो, ऐसा मौका फिर नहीं आयेगा।

### दर्शन हीरानंदानी मुझे नाराज करने से डरा हुआ था

प्रेस विज्ञप्ति में महुआ मोइत्रा ने लिखा कि पैराग्राफ 12 में दावा किया गया है कि दर्शन हीरानंदानी मुझे नाराज करने से डरा हुआ था। दर्शन और उसके पिता देश के सबसे बड़े समूहों में से एक को संचालित करते हैं। उनके कई प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश और गुजरात में चल रहे हैं, जिनका उद्घाटन यूपी के सीएम और खुद पीएम कर चुके हैं। दर्शन प्रधानमंत्री के साथ विदेशी दौरों पर बतौर प्रतिनिधि भी जा चुके हैं। ऐसे में एक धनी और सफल बिजनेसमैन, जिसके पास पीएमओ में सीधा एक्सेस है, वह एक विपक्षी सांसद के सामने क्यों मजबूर होगा? यह बिल्कुल आधारहीन बात है और इससे साफ है कि यह पत्र पीएमओ में ड्राफ्ट किया गया है ना कि दर्शन द्वारा। दर्शन हीरानंदानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं की या खुद या उनकी कंपनी ने क्यों कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं किया? अगर उन्होंने अपना गुनाह कबूल किया है, तो उन्होंने कोई आधिकारिक बयान क्यों नहीं जारी किया? प्रेस विज्ञप्ति में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस बात का इंतजार कर रही है कि किस तरह मुझे अदाणी मुद्दे पर चुप कराया जाये। जय देहादराई कोई सुप्रीम कोर्ट के वकील नहीं हैं, जिन्होंने मुझ पर कोई रिसर्च की है। अगर वह मेरे भ्रष्टाचार के गवाह हैं, तो वह अब तक मेरे साथ क्यों थे, उन्होंने अब तक आरोपों को सार्वजनिक करने का इंतजार क्यों किया?

### आनेवाले दिनों में मेरे करीबियों पर इडी और सीबीआइ के छापे पड़ेंगे

महुआ मोइत्रा ने कहा है कि 543 सांसदों में से उन्होंने सिर्फ निशिकांत दुबे को ही चिट्ठी क्यों लिखी, जिन्हें लगातार संसद और संसद के बाहर मैं आईना दिखा रही हूं। जय के अपुष्ट दावों को क्यों निशिकांत दुबे द्वारा तुरंत मीडिया को लीक कर दिया गया, जिससे कोई भी जांच होने से पहले मीडिया में इसे लेकर हंगामा हो? महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले जमीन तैयार की





और फिर दर्शन और उनके पिता के सिर पर बंदूक रख कर उन्हें पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए 20 मिनट का समय दिया। उन्हें उनका पूरा बिजनेस बंद करने की धमकी दी गयी। हस्ताक्षर के बाद पत्र को मीडिया में लीक कर दिया गया। महुआ मोइत्रा ने लिखा कि आनेवाले दिनों में मेरे करीबियों पर इडी और सीबीआइ के छापे पड़ेंगे। भाजपा और अदाणी के खिलाफ खड़े होने की यही कीमत है, लेकिन ये मुझे नहीं डरा सकते। जब तक मुझे कई सवालों के जवाब नहीं मिल जाते, तब तक मैं सवाल पूछती रहूंगी।

### दर्शन ने लगाये थे महुआ पर आरोप

बता दें कि गुरुवार को बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी ने अपने दस्तखत के साथ एक हलफनामा जारी किया है। इस हलफनामे में दर्शन ने कई अहम खुलासे किये। हलफनामे में दर्शन ने लिखा कि पीएम मोदी की बेदाग छवि ने विपक्ष को उन पर हमला करने का कोई मौका नहीं दिया, ऐसे में महुआ मोइत्रा ने मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए अदाणी पर निशाना साधने का रास्ता चुना। दर्शन ने दावा किया कि अदाणी पर निशाना साधने के लिए महुआ मोइत्रा के संसदीय लॉगइन और पासवर्ड का उपयोग किया और ये भी कहा कि महुआ के संसदीय लॉगइन और पासवर्ड उनके भी पास हैं और वह खुद ही महुआ की तरफ से संसद में सवाल डाल देते थे। वहीं संसद की एथिक्स कमेटी के चेयरमैन विनोद सोनकर का एक बयान सामने आया है, जिसमें विनोद सोनकर ने कहा कि उन्हें दर्शन हीरानंदानी का हलफनामा प्राप्त हुआ है। बता दें कि महुआ मोइत्रा ने दर्शन हीरानंदानी के कथित हलफनामे पर सवाल उठाये हैं और कहा कि संसद की एथिक्स कमेटी ने अभी तक हीरानंदानी को समन नहीं भेजा है, फिर उन्होंने हलफनामा किसे दिया?

# दर्शन हीरानंदानी मुझे नाराज करने से डरा हुआ था : महुआ

### दर्शन हीरानंदानी ने महुआ का किया खुलासा

रिश्वत लेकर संसद में सवाल उठाने के मामले में घिरीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी ने कई बड़े खुलासे किये हैं। हीरानंदानी ने अपने दस्तखत के साथ एक हलफनामा जारी किया है। इसमें दावा किया गया कि उनके पास महुआ का लोकसभा का लॉगिन आइडी और पासवर्ड था। इससे वह खुद ही महुआ की तरफ से सवाल डाल देते थे। रियल एस्टेट टू एनर्जी समूह हीरानंदानी के सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेदाग छवि ने विपक्ष को उन पर हमला करने का कोई मौका नहीं दिया, ऐसे में महुआ मोइत्रा ने मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए अदाणी पर निशाना साधने का रास्ता चुना। हीरानंदानी ने स्वीकार किया कि अदाणी पर निशाना साधने के लिए मोइत्रा के संसदीय लॉगिन और पासवर्ड का उपयोग किया था। ऐसा उस वक्त किया गया, जब दिग्गज कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आइओसी) ने गुजरात स्थित धामरा एलएनजी आयात सुविधा को चुना। उन्होंने दावा किया कि महुआ उनसे लग्जरी आइटम्स यानी महंगी-महंगी चीजों की डिमांड करती थीं। उन्होंने दिल्ली के महुआ के बंगले के जीर्णोद्धार के लिए मदद की। छुट्टियों के दौरान महुआ की यात्राओं का खर्च उठाया। यह भी दावा किया कि उन्होंने देश-दुनिया के हिस्सों में ट्रैवल के दौरान लॉजिस्टिकल मदद मुहैया करायी।

### कैसे योजना बनायी गयी? यह भी बताया

हीरानंदानी ने कहा कि उन्हें आइओसी द्वारा अपनी कंपनी के एलएनजी टर्मिनल की जगह धामरा को चुनने के बारे में पता था। इस जानकारी के आधार पर मोइत्रा ने कुछ सवालों का मसौदा तैयार किया, ऐसे सवाल जिन्हें वह संसद में उठा सकती थीं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सांसद के तौर पर अपनी ईमेल आइडी मेरे साथ साझा की, ताकि मैं उन्हें जानकारी भेज सकूं और वह संसद में सवाल उठा सकें। अदाणी समूह से संबंधित उनके द्वारा भेजे गये प्रश्नों पर मिली प्रतिक्रिया से खुश होकर मोइत्रा ने अदाणी समूह पर अपने हमलों में उनका समर्थन जारी रखने का अनुरोध किया। उन्होंने मुझे अपना संसद लॉगिन और पासवर्ड दिया था, ताकि जरूरत पड़ने पर मैं सीधे उनकी ओर से प्रश्न पोस्ट कर सकूं।

### मशहूर होने के लिए मोइत्रा ने अपनाया छोटा रास्ता

हीरानंदानी ने कहा कि 2017 में जब वह विधायक थीं, तब बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में मोइत्रा से मुलाकात हुई थी। हीरानंदानी ने कहा कि मोइत्रा पिछले कुछ वर्षों में उनकी करीबी दोस्त बन गयीं। उन्होंने 2019 में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव जीतने के बारे में कहा कि मोइत्रा बहुत महत्वाकांक्षी थीं और राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमाना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि उनके दोस्तों और सलाहकारों ने उन्हें सलाह दी थी कि ख्याति पाने के लिए वह छोटा रास्ता अपनायें। पीएम मोदी पर व्यक्तिगत हमला इसी का एक हिस्सा था।

### क्या है मामला

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मोइत्रा के अलग हुए साथी और वकील जय अनंत देहाद्राई ने आरोप लगाया कि मोइत्रा ने संसद में सवाल उठाने के लिए हीरानंदानी से मदद ली। उन्होंने उनके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष मानहानि का मुकदमा दायर करके जवाब दिया। इस बीच निशिकांत दुबे की शिकायत को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की आचार समिति को भेज दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °c | 18.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



# मां दुर्गा के पट खुले, उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नवरात्र के छठवें दिन सुबह माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना और शाम को बिल्वधिवाश (बेलबरण) अनुष्ठान के साथ ही पांच दिवसीय दुर्गात्सव की शुरूआत हुई। विभिन्न पूजा समितियों और श्रद्धालुओं ने बाजे-गाजे के साथ शुक्रवार की रात बेल पेड़ के पास जाकर पूजा-अर्चना कर भगवान भोलनाथ से शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माता दुर्गा को पृथ्वी पर भेजने की प्रार्थना की और शक्ति की देवी से पूजा पंडाल में विराजमान होने का निमंत्रण दिया। शनिवार को विभिन्न तालाबों, नदियों और अन्य जलाशयों में नवपत्रिका देवी को बाजे-गाजे के साथ महास्नान के लिए माता के भक्त डोली में लेकर जायेंगे। महास्नान के बाद देवी प्रवेश के साथ ही पंडालों में पूजा-अर्चना प्रारंभ हो जायेगा।

राजधानी रांची में शारदीय नवरात्रि के पंचमी को कई पंडालों के अनावरण हुआ था। इसके बाद शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के षष्ठी तिथि को पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला ।पंडालों पट खुलते ही प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडालों में मां दुर्गा का एक झलक देखने के लिए श्रद्धालु आतुर रहे। इसमें प्रमुख रूप से बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का अनावरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन्न सेट पूजा पंडाल का अनावरण राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौंक पूजा पंडाल का अनावरण आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया।

इसके अलावा शहर के लगभग पूजा पंडाल का अनावरण हो गया। इसमें गीतांजलि क्लब मोरहाबादी, सत्य अमर लोक हरमू रोड, हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा कटहल मोड़, मां भवानी युवा क्लब पिस्का मोड़, श्री श्री सर्बोजनिन दुर्गा पूजा समिति, सेक्टर 3 धुर्वा, विशाल क्लब मल्लाह टोली मेन रोड रांची, वृन्दावन कॉलोनी, चिरौंदी, ज्योति संगम दुर्गा पूजा मारवाड़ी स्कूल, हिंदपीढ़ी पूजा कमेटी, श्री श्री देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति, रातू, नामकुम नवयुवक संघ, हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति डोरंडा, श्री श्री नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नीचे बाजार, गुदरी, युवा विकास दुर्गा पूजा निकट राजभवन, नवयुवक संघ दुर्गा पूजा लोअर चुटिया, कला संगम ढिबरी बाजार, देवी मंडप दुर्गा पूजा एदलहातु मोराबादी के पूजा पंडाल का अनावरण और मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के लिये खुला।

## छप्पन सेट, डोरंडा में चंद्रयान 3 के प्रारूप में विराजमान हैं मां दुर्गा





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव, आजाद सिपाही के डायरेक्टर राहुल सिंह, प्रो विजय कुमार सिंह,डब्लू मिश्रा, रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, पूर्व महानिदेशक विधुत बोर्ड गोपी नाथ मुंडा शाहदेव ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के षष्ठि तिथि मां कात्यायनी के पूजन के दिन संध्या 7 बजे छप्पन सेट, डोरंडा में चंद्रयान 3 के प्रारूप में विराजमान मां दुर्गे की पूजा पंडाल का उद्घाटन किया एवं मुर्तिकारों द्वारा निर्मित दिव्य मां दुर्गे की मूर्ति का पट भी आम श्रद्धालुओं के लिए खोला, मां दुर्गे के साथ-साथ भगवान गणेश, विश्वकर्मा एवं सरस्वती माता की मूर्ति का भी अनावरण किया गया।

इस मौके पर सर्वप्रथम वित्त मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं 501 महिलाओं द्वारा आयोजित महाआरती में भी शामिल हुए एवं मां की आरती उतारी। उनके चरणों में शीश झुका कर राज्य की खुशहाली, राज्य वासियों के बेहतर जीवन, उत्तम स्वास्थ्य,सुख, समृद्धि, शांति, सद्भावना, प्रेम भाईचारगी के लिए कामना की। मां दुर्गा के पट खुलते ही पूरा पंडाल मां के जयकारे से गूंज उठा।

मीडिया कर्मियों से बात करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा मां दुर्गा महिला शक्ति की प्रतीक हैं, साकार हैं, मां दुर्गा से हमें प्रेरणा मिलती है और सिख भी मिलती है कि हमें अपने मां, बहन, बच्चियों को बेहतर ढंग से समाज में रखना होगा, उचित स्थान देना होगा, बराबरी का स्थान देना होगा। आज के दिन हम यह सीखते, याद करते हैं मां दुर्गा को, उनकी ताकत का एहसास करते हैं,उनकी ताकत को समझते हैं। आजादी के पहले जो महिलाओं की स्थिति थी आज उससे अलग है। आज महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और हर क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रही हैं।

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा चंद्रयान का प्रारूप बना कर आलोक दुबे ने विज्ञान से धर्म को जोड़ने का काम किया है। चंद्रयान 3 के पूजा पंडाल में मां दुर्गा को बैठाया गया है, धर्म का विज्ञान का अन्योन्याश्रय संबंध दर्शाया गया है।

मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा नवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने कहा जिस प्रकार चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत की सामरिक शक्ति, कौशल, साहस एवं उपलब्धियों का लोहा पूरी दुनिया ने माना है, आज के युवाओं को हमें अपने वैज्ञानिकों से सीख लेकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा के उद्देश्य से चंद्रयान-3 का प्रारूप तैयार किया गया है। सरकार एवं प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरे भाईचारगी एवं सद्भावना के साथ दुर्गोत्सव मनाया जायेगा।

समिति के संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा मां दुर्गा शक्ति की देवी हैं,इनकी अराधना से हमें बल, बुद्धि,यश की प्राप्ति होती है।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे एवं सचिव विजय गुप्ता ने सभी अतिथियों को माता का चुनरी भेंट कर स्वागत किया। गोपी दूबे ने कहा छप्पन सेट आवासीय परिसर में इस वर्ष 61 वां दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। बंगाल का ढ़ाक, आकर्षक विद्युत सज्जा एवं चंद्रयान 3 का पूजा पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहा है।इन चार दिनों में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, भव्य डांडिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। हर दिन माता का पसंदीदा भोग लगाया जाएगा एवं श्रद्धालुओं को वितरित किया जायेगा।

समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार, कमलेश झा, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अश्वनी कुमार, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, मनोज सिंह,पासवा वोलेंटियर्स मो. अजहर, अनिकेत कुमार, विशाल सिंह, रोहणी कुमारी, संजय कुमार, सत्या कुमार पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओड़िशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 31/RA/SRF/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"कृषि में अनुसंधानः चावल में सीप जींसो की पोसेई तथा प्रायोगिकता में सी-3 सी-4 मध्यम मार्ग को समझना"** (ईएपी-199) परियोजन के लिए **दो (02) रिर्सच एसोसिएट तथा एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार **दिनांक क्रमशः 08.11.2023 तथा 09.11.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध है।

Walk-in-Interviews will be held on **08.11.2023 and 09.11.2023** for selection of **two (02) Research Associate (RA) and one (01) Senior Research Fellow (SRF) respectively** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Incentivizing research in Agriculture-"Towards understanding the C3-C4 intermediate pathway in Poaceae and functionality of C4 genes in rice" (EAP-199)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

## शारदीय नवरात्र: सातवां दिन

## कालरात्रि दुर्गा का ध्यान



करालरूपा कालाब्जसमानाकृति विग्रहा।।
कालरात्रिःशुभं दद्याद् देवी चण्डाटटहासिनी।।

जिनका रूप विकराल है, जिनकी आकृति और विग्रह कृष्ण कमल सदृश है तथा जो भयानक अट्टाहास करनेवाली हैं, वे कालरात्रि देवी दुर्गा मंगल प्रदान करें।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-7

सर्वोपरि, सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी, सर्वाधार, सर्वमय, समस्त गुणाधार, निर्विकार, नित्य, निरंजन, सृष्टिकर्ता, पालनकर्ता, संहारकर्ता, विज्ञानानन्दघन, सगुण, निर्गुण, साकार, निराकार परमात्मा एक ही हैं। वास्तव में वह एक महाशक्ति ही परमात्मा हैं, जो विभिन्न रूपों में विविध लीलाएं करती हैं। परमात्मा के पुरूष वाचक सभी स्वरूप इन्हीं अनादि, अविनाशिनी, अनिर्वचनीया, सर्वशक्तिमयी, परमेश्वरी आद्यामहाशक्ति के ही हैं। ये ही महाशक्ति अपनी मायाशक्ति को जब अपने अन्दर छिपाये रखती हैं, उससे कोई क्रिया नहीं करतीं, तब निष्क्रिय, शुद्ध ब्रह्म कहलाती हैं। ये ही जब उसे विकासोन्मुख करके एक से अनेक होने का संकल्प करती हैं, तब स्वयं ही पुरूष रूप से मानो अपनी ही प्रकृति रूप योनि में संकल्प द्वारा चेतन रूप बीज स्थापन करके सगुण, निराकार परमात्मा बन जाती हैं।

चेतन परमात्मरूपिणी महाशक्ति के बिना जड़ प्रकृति से यह सारा कार्य कदापि सम्पन्न नहीं हो सकता। इस प्रकार महाशक्ति विश्व रूप विराट् पुरूष बनती हैं और इस सृष्टि के निर्माण में स्थूल निर्माणकर्ता प्रजापति के रूप में आप ही अंशावतार के भाव से ब्रह्मा और पालन-कर्ता के रूप में विष्णु और संहारकर्ता के रूप में रूद्र बन जाती हैं। ये ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि अंशावतार भी किसी कल्प में दुर्गा रूप से होते हैं, किसी में महाविष्णु रूप से, किसी में महाशिव रूप से, किसी में श्रीराम रूप से और किसी में श्रीकृष्ण रूप से। एक ही शक्ति विभिन्न कल्पो में विभिन्न नाम रूप से सृष्टि रचना करती हैं। इस विभिन्नता का कारण और रहस्य भी उन्हीं को ज्ञात है। वे अनन्त ब्रह्माण्डों में महाशक्ति असंख्य ब्रह्मा, विष्णु, महेश बनी हुई हैं और अपने को ढक कर आप ही जीवसंज्ञा को प्राप्त हैं। ईश्वर, जीव,जगत तीनों आप ही हैं। भोक्ता, भोग्य और भोग-तीनों आप ही हैं। इन तीनों को अपने से ही निर्माण करनेवाली और तीनों में व्याप्त रहनेवाली भी आप ही हैं। (क्रमशः)

प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

## पूर्व आइएएस ब्रज मोहन कुमार ने आजसू पार्टी का दामन थामा

# नयी सोच के साथ नये नेतृत्व को आगे आना होगा : सुदेश

**राज्य के विकास के लिए एकमात्र राजनीतिक विकल्प है आजसू पार्टीः ब्रज मोहन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परषिद का गठन हो, यह हमारा लक्ष्य है। यह राज्य के लिए भी आवश्यक है। राज्य के विकास के लिए काम करने के लिए सिर्फ राजनीतिक अनुभव या राजनीति के माध्यम से जीत कर आनेवाला व्यक्ति ही काम कर सकता है, इस अवधारणा को बदलना होगा और अलग-अलग सेक्टर में योगदान देनेवाले और अपने अनुभव से झारखंड के लिए बेहतर काम करनेवाले लोग राज्य को नेतृत्व दें, इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। नयी सोच के साथ नये नेतृत्व को आगे आना होगा। सभी हकदार को भागीदार बनाना हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के पूर्व अधिकारी ब्रज मोहन कुमार और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ब्रज मोहन बिहार अभियंत्रण सेवा में रहते हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता के पद पर रहे। भारतीय प्रशासनिक सेवा में सचिव स्तर के अधिकारी रहते हुए एमडी झारखंड आवास बोर्ड, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, प्रशासक स्वर्णरेखा परियोजना, कमिश्नर कोल्हान रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए पूर्व आइएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि ब्रज मोहन के लंबे प्रशासनिक अनुभव का लाभ राज्य और पार्टी को मिलेगा। इन्होंने अपनी कार्य अवधि के दौरान समाज के लोगों की जो सेवा की है, उसे अब आगे ले जाने के लिए उन्हें पार्टी प्लेटफॉर्म देगी।

ब्रज मोहन कुमार ने कहा कि सुदेश जी का नेतृत्व और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूं। मुझे शुरू से ही समाज के लिए कुछ बेहतर करने की इच्छा रही है। इसी के तहत रिटायरमेंट के बाद राजनीति से जुड़ कर लोगों के हित के लिए काम करने के लिए आजसू पार्टी से बेहतर कोई राजनीतिक विकल्प नहीं दिखा। मिलन समारोह में आंदोलनकारी नेता देवशरण भगत, रविशंकर मौर्य, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, बंटी यादव, सुनील यादव और वीरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## विनय चौबे, सुनील कुमार और राहुल पुरवार बनेंगे प्रधान सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को प्रधान सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जायेगा। राज्य सरकार ने 1999 बैच के इन अधिकारियों को सुपरटाइम स्केल में प्रोन्नति देने के लिए भारत सरकार से तीन रिक्तियां मांगी हैं। केंद्र से इसके अलावा सात और अधिकारियों की रिक्ति मांगी गयी है, जिन्हें विशेष सचिव पद से सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जाना है। इसके अलावा प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को सीएस रैंक में प्रमोशन देने के लिए सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में भारत सरकार से 11 रिक्तियां मांगी, जिन्हें प्रमोशन दिया जाना है। रिक्ति मिलने के बाद डीपीसी की बैठक में अधिकारियों के नाम पर विचार होगा और उसकी अनुशंसा भारत सरकार को दी जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-91-92-2023,दिनांक 19.10.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य:(1) डीआरएम ईएनजीजी आरएनसी-91-2023,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार अधीन दिनांक 30.09.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि केलिए विविध पुल जोनल कार्य; रु. 1,47,61,461.58; रु. 2,23,800; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-93-2023,** एडीईएन/रांची के क्षेत्राधिकार अधीन दिनांक 30.09.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि केलिए विविध पुल जोनल कार्य; रु. 1,50,56,949.30; रु. 2,25,300; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** उपरोक्त निविदा के लिए 09.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-739)**

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कर्मक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना होगा, इस समय शत्रु हावी हो सकता है।
- **वृष** — भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी, कारोबार की स्थिति में सुधार, आर्थिक लाभ।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा।
- **कन्या** — पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।
- **तुला** — नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना।
- **वृश्चिक** — नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** — सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।
- **मकर** — नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी।
- **कुंभ** — आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।
- **मीन** — नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक– 951 दिनांक– 13.10.2023 के द्वारा आमंत्रित e-Tender: WRD/MID/GUMLA-F2-19/2023-24 जिसका प्रकाशन संख्या– PR No. 309113 M.I. (2023-24). D है, में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है।
1. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में उक्त राशि वापस होगी। बैंक खाता बन्द होने अथवा किसी अन्य प्रकार परिवर्तन की सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।
निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
PR.NO.309696 Minor Irrigation(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक– 950 दिनांक– 13.10.2023 के द्वारा आमंत्रित e-Tender: WRD/MID/GUMLA-F2-18/2023-24 जिसका प्रकाशन संख्या– PR No. 309111 M.I. (2023-24). D है, में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है।
1. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में उक्त राशि वापस होगी। बैंक खाता बन्द होने अथवा किसी अन्य प्रकार परिवर्तन की सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।
निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

PR 309697 Minor Irrigation (23-24)_D
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जॉय ऑफ गिविंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जॉय ऑफ गिविंग का आनंद उठाते हुए अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वाह किया। देने की वास्तविक खुशी का अनुभव करने के लिए छात्रों ने नेफ्रोटिक सिंड्रोम से पीड़ित विद्यालय के एक छात्र के इलाज के लिए योगदान दिया। छात्रों ने मारवाड़ी आरोग्य भवन जाकर आस-पड़ोस के जरूरतमंद लोगों और करुणा अनाथालय में दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की। छात्र कई अन्य संगठनों/संस्थाओं जैसे विकलांग बच्चों से मिलने बरियातू स्थित गुरु नानक गृह तथा निवारणपुर स्थित अनाथालय- आदिम जाति सेवा मंडल, ह्यअपना घरह्य वृद्धाश्रम गए। छात्रों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा में पढ़ने वाले छात्रों को उपहार प्रदान किया। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग के विद्यार्थियों को विद्यालय में आमंत्रित किया गया तथा प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा उपहार दिया गया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने जॉय ऑफ गिविंग के अवसर पर विभिन्न महान कार्यों के लिए छात्रों के योगदान की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने भी जॉय ऑफ गिविंग के अवसर पर छात्रों के दृढ़ योगदान की सराहना की।

# घोषणा वीर मुख्यमंत्री जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं : प्रतुल

**गरीबों को 25 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल में सब्सिडी देने की योजना पहले ही टांय टांय फिस्स हो गयी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्उयमंत्री हेमंत सोरेन घोषणावीर मुख्यमंत्री हैं। वह अपने कार्यकाल के अंतिम चंद महीनों में घोषणाओं की झड़ी लगा कर जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना की घोषणा 15 अगस्त को ही की थी, लेकिन आज तक इस योजना के लिए 15000 करोड रुपये बजट का प्रावधान कैसे होगा, इसका कोई स्पष्ट जिक्र नहीं किया। ना ही इस योजना के लिए कहां पर आवेदन देना है, यह भी स्पष्ट नहीं है। जाहिर तौर पर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में अपने वायदे को पूरा करने का नाटक कर रहे हैं, लेकिन जनता असलियत जानती है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसी तरह ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की और उसमें सब्सिडी देने की घोषणा की, लेकिन उसके डिलीवरी मेकैनिज्म को इतना पेंचीदा बना दिया कि लाभुकों को शायद ही इसका लाभ मिल पाये।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपये प्रचार पर खर्च कर-के गरीबों के लिए प्रति लीटर पेट्रोल में 25 रुपये सब्सिडी की घोषणा की थी। चंद महीनों में ये घोषणा हवा हवाई हो गयी और अब इसका लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या नगण्य है। प्रतुल ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस सब्सिडी का लाभ लेनेवाले लोगों की माहवार सूची जारी करें ।

प्रतुल ने कहा कि यह सरकार अपने चार साल पूरा करने जा रही है। पहले 4 साल सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट-खसोट में बीता। अब चुनाव में अपनी आसन्न हार को देख कर इनको गरीबों की याद आ रही है, लेकिन इन चार वर्षो में झारखंड के गरीबों, आदिवासी, मूलवासियों ने बहुत कुछ सहा है। मुख्यमंत्री को अगले चुनाव में माकूल जवाब मिलेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# अपराध को लेकर सीआइडी गंभीर

## संगठित अपराध के अपराधियों को चिह्नित करने का डीजी ने दिया निर्देश

**सीआइडी के डीजी ने टीम प्रभारी के साथ तीन दिन तक की बैठक**

**साइबर अपराधियों पर भी नजर रखने और उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी देने का दिया गया निर्देश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ हो रहे अपराध को लेकर अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) गंभीर है। सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों में प्रतिनियुक्त टीम प्रभारियों को निर्देश दिया है कि संगठित अपराध के अपराधियों को चिह्नित कर इसकी जानकारी मुख्यालय को दें, ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई हो सके। यह भी निर्देश दिया गया है कि ऐसे अपराधकर्मी, जो अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 तक जमानत पर जेल से बाहर निकले हैं, उनकी सूची तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध करायें। जेल में कोई अपराधी मोबाइल का तो प्रयोग नहीं कर रहा है, इसकी भी जानकारी जुटा कर देने के लिए कहा गया है। सीआइडी के डीजी ने 17 अक्टूबर से लगातार रेंज वाइज सभी जिलों के क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक और सीआइडी के टीम प्रभारियों के साथ बैठक की। 17 अक्टूबर को दुमका और हजारीबाग, 18 को रांची और पलामू और 19 अक्टूबर को कोल्हान और कोयला क्षेत्र के टीम प्रभारियों के साथ सीआइडी के डीजी ने बैठक की।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी जिलों में महिलाओं, बच्चों से दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, पोक्सो के मामले सितंबर महीने में कितने हुए, इसकी डिटेल रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही यह भी रिपोर्ट तैयार करें कि इन मामलों में संबंधित थानों की ओर से क्या कार्रवाई की गयी। यह भी निर्देश दिया गया है कि क्या अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 के बीच हुई पोक्सो से संबंधित मामलों में सुनवाई के बाद अभियुक्तों की रिहाई हुई है। इसकी पूरी जानकारी सीआइडी मुख्यालय की ओर से मांगी गयी है।

### भूमि विवाद से संबंधित जानकारी भी मांगी गयी

सीआइडी डीजी ने सभी जिलों के टीम प्रभारियों से भूमि संबंधी विवाद के मामले की भी जानकारी मांगी है। अप्रैल 2023 से लेकर सितंबर 2023 तक भूमि विवाद में किन लोगों की संलिप्तता रही, विवाद में कहां-कहां घटनाएं हुईं, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

### साइबर अपराधियों की संपत्ति के बारे में भी जानकारी जुटायेगी सीआइडी

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि साइबर अपराधी किन-किन जिलों में सबसे अधिक सक्रिय हैं, उनकी पूरी सूची तैयार करें। इसके साथ ही साइबर क्राइम से इन अपराधियों ने अब तक कितनी संपत्ति बनायी है, इसकी भी जानकारी जुटाने का निर्देश दिया गया है।

### इन बिंदुओं पर भी मांगी गयी जानकारी

दो आपराधिक गुटों के बीच गैंगवार या रंगदारी को लेकर अगर आपसी टकराव की संभावना है, तो उसकी रिपोर्ट तैयार करेंगे। मानव तस्करी को लेकर भी निर्देश दिया गया है कि पीड़िताओं की ओर से दिये गये आवेदन पर कार्रवाई हो रही है या नहीं, इसकी डिटेल रिपोर्ट तैयार की जाये।

# कांके में एक घर में चोरों ने 20 लाख के गहने और तीन लाख नगद उड़ाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित बिरसा एग्रीकल्चरल कॉलेज के वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर पर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। योगेंद्र प्रसाद अपने पूरे परिवार के साथ बनारस गये हुए थे। इसी दौरान चोरों के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर के तीन लेयर के सुरक्षा घेरे को तोड़ कर चोरों ने 20 लाख रुपये के गहने और तीन लाख रुपये नगद गायब कर दिये। घर में चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को बनारस से रांची पहुंचे हैं।



जानकारी के मुताबिक वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद कांके थाना क्षेत्र के चौड़ी में नाग परिसर के अंदर रहते हैं। 18 अक्टूबर को योगेंद्र प्रसाद बनारस निकले थे। इसी बीच उनके भाई ने यह सूचना दी कि घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बनारस से जब योगेंद्र प्रसाद अपने घर पहुंचे, तो घर की हालत देख कर वह दंग रह गये। चोरों के द्वारा सबसे पहले बाहर के ग्रिल को काटा गया। उसके बाद बेहद मजबूत माने जानेवाले दरवाजे के लॉक को भी तोड़ डाला गया था। कमरों के अंदर तो और भी भयावह स्थिति थी। कमरे के अंदर हर तरफ सामान बिखरा पड़ा था। एक आलमीरा, कबर्ड, बक्शे सब के ताले टूटे पड़े थे। कपड़ा और दूसरे सामान बिखरे पड़े थे। कमरे को देख कर ऐसा लग रहा था, जैसे चोर पांच से छह घंटे तक घर में मौजूद थे और घर का एक-एक सामान चेक कर सभी कीमती गहने और नगद पैसे उड़ा ले गये। भुक्तभोगी के अनुसार उनके घर से चोरों ने तीन लाख नगद, 12 सोने का कंगन, छह सोने के हार, 25 कान की बाली, दो सेट डायमंड के गहने, दो डायमंड की नोज पिन, 20 सोने की अंगूठी, 13 सोने की चेन, 19 चांदी पायल, मंगल सूत्र, चांदी का सिक्का, मांगटिका, चांदी की हंसुली उड़ा ले गये।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में दुर्गोत्सव - 2023 का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरुआत शंखध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ मां दुर्गा के आह्वान से हुई। बच्चों ने आकर्षक धुनेची नृत्य प्रस्तुत किया। डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। महिषासुर मर्दिनी शीर्षक कार्यक्रम में विभु, प्रियांशु आयुष, आनंद, अमन, उन्नति भट्ट, रचिता, हिमांशी, माही और प्रत्यक्षा की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा आयुष आर्या, आकाश, रचित एवं मनीष के ढाक वादन ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। मौके पर चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि यह पर्व न केवल अन्याय, अत्याचार और अनाचार के प्रतिकार का पर्व है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का संवाहक भी है। यह तमाम विविधताओं के बीच समाज और देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में के कोऑर्डिनेटर आशा राज, विनीता वर्मा, मीनू सहाय, सतीश कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडू, प्रियंका चक्रवर्ती, विभा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव तथा सुषमा तिवारी का अहम योगदान रहा।

## बुजुर्ग से छिनतई करने से रोका तो युवक को चाकू घोंप दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी जगन्नाथपुर में तीन लोग एक बुजुर्ग से पर्स की छिनतई कर रहे थे। यह देख न्यू कॉलोनी जगन्नाथपुर निवासी अजय कुमार ने उन युवकों को ऐसा करने से मना किया। इस बात पर गुस्सा होकर उन तीनों युवकों ने पहले उसे जम कर मारा-पीटा। फिर उसकी पीठ में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब घायल अजय कुमार ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग वहां जुट गये। यह देख तीनों युवक वहां से भाग निकले। इस संबंध में अजय कुमार ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस उन तीनों युवकों की तलाश कर रही है।

### नाबालिग लापता, अपहरण की प्राथमिकी

इधर जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर टू से एक 14 साल की नाबालिग लापता हो गयी है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने अपहरण की प्राथमिकी जगन्नाथपुर थाना में दर्ज करायी है। आरोप है कि 12 अक्टूबर को उनकी बेटी कुछ सामान लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। 13 अक्टूबर की सुबह में जानकारी मिली कि उनकी बेटी को एक लड़का, जो न्यू कॉलोनी बड़ा खटाल का रहने वाला है, बहला-फुसला कर लेकर भाग गया है। नाबालिग नौवीं की छात्रा है, जबकि भगाने वाला आरोपी 11वीं में उसी स्कूल में पढ़ता है, जिसमें नाबालिग पढ़ती है।

# रघुवर को ओड़िशा का राज्यपाल बनाये जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाये जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं कार्यसमिति सदस्य नीरज भट्ट, संजीव दत्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ओड़िशा के राज्यपाल बनाये गये हैं। श्री दास ने झारखंड में अपने दायित्व को बखूबी से निभाया और अब उनका अनुभव का लाभ ओड़िशा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता के प्रति काफी सेवा की, झारखंड एवं ओड़िशा की संस्कृति एक है एवं दोनों भरपूर खनिज संपदा भरा हुआ राज्य है। श्री दास ओड़िशा के संवैधानिक पद राज्यपाल का दायित्व निभाते हुए सरकार के साथ मिल कर ओड़िशा को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## छवि रंजन की जमानत याचिका अब पर दो नवंबर को सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान इडी की तरफ से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 2 नवंबर की तिथि निर्धारित की। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। वहीं छवि रंजन की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। गौरतलब है कि इडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री का केस है।

## टैक्सी में छूटा मंगलसूत्र, केस दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के धुर्वा की रहनेवाली महिला विद्या गौतम का रेडियम रोड से रांची स्टेशन जाने के क्रम में एक टैक्सी में मंगल सूत्र छूट गया था। अब उसे उक्त टैक्सी का चालक राज रंजन पांडेय वापस नहीं कर रहा है। इस संबंध में विद्या गौतम ने लालपुर थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में महिला ने बताया है कि वह उक्त टैक्सी से जब रांची स्टेशन जा रही थीं, तब बच्चे को संभालने के दौरान उनका मंगल सूत्र टैक्सी में छूट गया। इसके बाद उन्होंने ड्राइवर से संपर्क किया। विद्या गौतम ने बात की, तो ड्राइवर ने स्वीकार किया कि उनका मंगल सूत्र टैक्सी में छूटा है। जब उसे वापस करने के लिए विद्या ने कहा, तो उसने अपना मोबाइल ही स्विच ऑफ कर लिया। अब वह मंगल सूत्र वापस नहीं कर रहा है।

## हाइकोर्ट के न्यायाधीश के बॉडीगार्ड की गोली लगने से मौत

**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू में हाइकोर्ट के न्यायाधीश एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गयी। घटना शुक्रवार सुबह की है। बताया जाता है कि बलराम एक्का को गोली लगने के बाद आनन-फानन में मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बॉडीगार्ड ने आत्महत्या की है या फिर दुर्घटना में गोली चली है, इसकी जांच की जा रही है। डीएसपी राजा कुमार मित्रा और थाना प्रभारी बृज कुमार मामले की जांच कर रहे हैं।

## जीएनएम नर्स को बाइक सवार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**रांची (आजाद सिपाही)।** रातू सीएचसी में अनुबंध पर कार्यरत नर्स श्यानी हेरेंज को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में श्यानी गंभीर रूप से घायल हो गयी। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए गुरु नानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, नर्स के दोनों हाथ और पैर टूट गये हैं। वहीं सिर पर भी गंभीर चोटें आयी है। झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने आरोप लगाया है कि बाइक सवार पर केस दर्ज करने के लिए रातू थाना गये, लेकिन केस दर्ज नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक केस दर्ज नहीं होता और बाइक सवार की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारी रातू सीएचसी में धरने पर बैठेंगे।

## आरयू पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम की फीस को लेकर छात्रों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन जारी करते ही छात्र संगठन इसकी फीस को लेकर विरोध कर रहे हैं। विश्वविद्यालय सामान्य कोटि के छात्रों के लिए फार्म का शुल्क 300 रुपये और परीक्षा शुल्क 2500 रुपये तय किया था। छात्र फीस कम करने की मांग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने फीस कम करते हुए कहा कि अब छात्रों को 2200 रुपये देना होगा, लेकिन छात्र अभी भी संतुष्ट नहीं हैं। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क 1000 रुपये है, जबकि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में परीक्षा शुल्क 1500 रुपये है। झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में रांची विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का शुल्क अधिक है। टेक्निकल छात्र संघ के नेता अभिषेक बनर्जी का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया ठीक नहीं है।

## सीसीएल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय में शुक्रवार को सीवीओ, सीसीएल के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सीसीएल (मुख्यालय) में नैतिकता और शासन (इथिक्स एंड गवर्नेंस) विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल पंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संजय, विभागाध्यक्ष (मा.सं.वि.) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित थे। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के सचिव एसडब्ल्यू भावेशानंद मुख्य वक्ता थे।

## सर्वधर्म सद्भावना समिति और महावीर मंडल ने उपायुक्त के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सर्वधर्म सद्भावना समिति और महावीर मंडल के द्वारा शांति समिति के सदस्यों की एक बैठक की गयी। उपायुक्त ने कहा कि आपस में मिल कर त्योहार को मनायें। सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी बात या अफवाह न फैलायें। अगर ऐसा कोई पोस्ट आपके पास आता है तो उसे आगे न भेजें। प्रशासन को इसकी जानकारी दें, ताकि तुरंत कार्यवाही की जायेगी। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संपूर्ण जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अपार सहयोग पर अध्यक्ष मो. इस्लाम और शांति समिति के सभी सदस्य आभार प्रकट करते हैं। उक्त बातें श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम ने कहीं। बैठक में मो इसलाम, जयसिंह यादव, जमील गद्दी, मो इश्तेयाक, आफताब आलम, मो अशरफ, फिरोज अंसारी, अय्यूब राजा खान, हाजी बेलाल कुरैशी आदि मौजूद थे।

## पंकज यादव की सुरक्षा पुख्ता की जाये : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विभिन्न मामलों में हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर चुके आरटीआइ एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव की सुरक्षा को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश लेने को कहा है। पंकज यादव की जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के निर्देश के बाद पलामू प्रमंडल में अवैध खनन की जांच एसआइटी कर चुकी है। पंकज यादव ने सैटेलाइट इमेजिनरी के माध्यम से सभी पत्थर खदानों की जांच की मांग के साथ इडी को प्रतिवादी बनाने की अनुमति आइए के माध्यम से की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि पलामू प्रमंडल अवैध खनन मामले की जांच इडी बेहतर ढंग से कर सकती है, क्योंकि साहिबगंज में इडी ने उसी पैटर्न पर जांच कर अनियमितता पकड़ी है। उल्लेखनीय है कि पंकज कुमार यादव के रांची हिंसा, पलामू अवैध खनन मामला, बीरेंद्र राम मामला, न्यूक्लियस मॉल, टॉफी टीशर्ट घोटाला सहित कई संवेदनशील मामलों की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में चल रही है। पंकज यादव ने आइए संख्या 9630/2023 के माध्यम से कोर्ट में अपने ऊपर संभावित खतरों की जानकारी न्यायालय को दी थी, जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया है कि उनकी सुरक्षा पुख्ता की जाये।

# आदिवासी व मूलवासी शिक्षकों को प्रोन्नति दे जेपीएससी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि उच्च शैक्षणिक पदों पर झारखंड के आदिवासी और मूलवासी शिक्षकों की उचित भागीदारी एवं प्रतिनिधित्व देने के लिये यह बहुत आवश्यक है कि 2008 में जेपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षकों को जल्द-से-जल्द प्रोन्नति दी जाये। झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को भेजे गये अपने पत्र में श्री तिर्की ने मांग की है कि 2008 में नियुक्त शिक्षकों की उच्च शैक्षणिक पदों पर कार्य करने के लिये यह बहुत आवश्यक है कि उनका ग्रेड पे 7000 हो और उन्हें 15 वर्ष का



अनुभव हो। श्री तिर्की ने कहा है कि नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उन्हें समय पर प्रोन्नति दी जाती है तो 11 साल पहले ही उन्हें प्रोन्नति का लाभ मिल जाता और उनका ग्रेड पे 7000 हो जाता। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा वैसे शिक्षकों की प्रोन्नति का आदेश निर्गत किया जा चुका है लेकिन स्टेज एक से स्टेज पांच तक प्रोन्नति नहीं देने के कारण झारखंड के वैसे आदिवासी एवं मूलवासी शिक्षक, कुलपति, उपकुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी एवं विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य सहित उच्च प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति की अर्हता पूरी नहीं करते। श्री तिर्की ने झारखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष से नियमानुसार प्रोन्नति की प्रक्रिया को अविलंब पूरा करने को कहा जिससे इसका खामियाजा उन शिक्षकों को न भुगतना पड़े जिसमें अधिकांश आदिवासी एवं मूलवासी ही हैं।

# डॉ हेमलाल समाज सेवा सम्मान से हुए सम्मानित

## ‘समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें’

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाज सेवा सम्मान से डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू को सम्मानित किया गया। उन्हें शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित लीगल स्टडीज सेंटर के सभागार में आयोजित विश्व सेवा परिषद के सम्मान समारोह में पद्मश्री मधु मंसूरी एवं संजय सेठ ने संयुक्त रूप से समाज सेवा में अप्रतिम योगदान के लिए समाज सेवा सम्मान 2023 से सम्मानित किया। डॉ मेहता ने कहा कि सम्मान मिलने से और अधिक समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। सभी को अपने स्तर से समाज के प्रति सकारात्मक सोच रखनी चाहिये, सभी को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझनी चाहिये और अपने स्तर से समाज की जिम्मेदारी को निभाना चाहिये। प्रत्येक नागरिक के लिये सभ्य समाज की स्थापना ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिये। इस मौके पर अश्वनी शर्मा, जनक नायक, मृत्युंजय सिंह, गोपाल पांडेय, साहिल यादव, गुलाम सादिक, भीम हांसदा, आशीष समद, शांति तिर्की, राधा हेंब्रम, सुषमा उरांव, राधा बाउरी, धर्मशीला मेहता, अंजू उरांव, मंजू उरांव, सोनम उरांव सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 101 कल्पतरु के पौधे लगाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय वन सेवा के सिद्धार्थ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को 101 कल्पतरु वृक्ष के पौधे लगाये गये। अर्चित आनंद ने इस अवसर पर बताया कि यह वृक्ष अति दुर्लभ श्रेणी में आता है और पूरे भारत में इनकी संख्या बहुत ही कम है। हमारी संस्था पीइटीसीआइ इसको व्यापक रूप से सभी प्रमुख जगहों पर रोपित करने का प्रयास कर रही है। इसी के तहत शुक्रवार को नये हाइकोर्ट के मुख्य द्वार संख्या 2 के सामने कल्पतरु बाग के रूप में 101 कल्पतरु के पौधे लगाये गये। श्री अर्चित ने बताया कि सभी पौधों के देखभाल की जिम्मेवारी वो स्वयं वहन करेंगे। यह कल्पतरु पौधरोपण अभियान रांची सहित पूरे राज्य में चलेगा। इस मौके पर सिद्धार्थ त्रिपाठी ने उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों से कहा कि पौधों





को जमीन पर लगाने के साथ दिमाग में भी लगायें, ताकि आप उनसे जुड़े रहें। सभी पौधे कलावती देवी और उनके पुत्र निखिल मेहुल द्वारा उपलब्ध कराये गये थे। इन दोनों के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए इनको अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी मनोज हजारीबाग से विशेष तौर पर पधारे थे। उन्होंने मंत्रोचार और शंख ध्वनि के साथ पौधारोपण कराया। इस विशेष अवसर पर पूर्व चैंबर अध्यक्ष विकास कुमार, सीताराम शर्मा, प्रभास, रजनीश, पापू कुड़मी, अंकित कुमार, अनुराधा कुमारी, पंकज कुमार एवं टीम ग्रीन के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बता दें कि कल्पतरु वृक्ष देवलोक का एक वृक्ष। इसे कल्पद्रुप, कल्पतरु, सुरतरु देवतरु तथा कल्पलता इत्यादि नामों से भी जाना जाता है। पुराणों के अनुसार समुद्रमंथन से प्राप्त 14 रत्नों में कल्पतरु वृक्ष भी था। इस वृक्ष की महत्ता धार्मिक और पर्यावरण दोनों के संदर्भ में है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र की षष्टी के अवसर पर हरिमती दुर्गा पूजा पंडाल, लालपुर का किया उद्घाटन। माता रानी के दरबार में मत्था टेककर राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद मांगा।



श्री विशाल क्लब दुर्गा पूजा समिति मेन रोड मल्लाह टोली रांची के पूजा पंडाल का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, विधायक सीपी सिंह, अधिवक्ता सह समाजसेवी डॉ प्रणव कुमार बब्बू, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, समिति के मुख्य संरक्षक आरके सिंह, संरक्षक सुनील सिंह, संरक्षक सुनील विश्वकर्मा, मुख्य संयोजक मौसम निषाद, अध्यक्ष आदित्य विश्वकर्मा, सचिव कुणाल सिंह और सभी सदस्य मौजूद थे।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने चिकित्सकों को सम्मानित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने पूजा पंडाल प्रांगण में शुक्रवार को रांची के कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को चुनरी ओढ़ा कर स्मृति चिह्न दिया। इस दौरान सीएस ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की परंपरा अनूठी व सराहनीय है। वहीं रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ विकास कुमार ने कहा कि मरीजों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है. मां भवानी की पूजा के बीच सम्मान मिलने से मनोबल ऊंचा होता है। मां दुर्गा हम लोगों को शक्ति दें, ताकि और अच्छे ढंग से मरीजों की सेवा कर सकें। वहीं डॉ अनुज ने कहा कि शहर के सभी इलाके में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की यह परंपरा तारीफ के काबिल है। इस मौके पर सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, डॉ एके झा, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ गुंजेश कुमार, डॉ अनुज कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ सुदीप्तो, डॉ वरुण, आशिष कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## यूनिक अकादमी ने डांडिया नाइट आयोजित की



**रांची (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के चौथे दिन यूनीक अकादमी ने डांडिया नाईट का कार्यक्रम आगेनाईज रॉयल हाईट बेंक्वेट हाउल में किया। जहां 400 से भी ज्यादा लोग शामिल हुए थे। डीजे सुमित के थिरकते गाने केसरी रंग चोगाड़ा तारा कमरिया जैसे गानो में लोगो ने मोरचा को पूरा जमा दिया। इस कार्यक्रम में शिखा, उत्कर्ष गौरव शामिल थे। लोगो ने खूब एन्जॉय किया। इस कार्यक्रम में स्टेज परफॉरमेंस सुमित साहू के द्वारा तैयार किया गया। इसकी जानकारी अकादमी की निदेशक प्रिया केशरी, प्रशांत कुमार ने दी।

## झारखंड की बालक-बालिका टेनिस वॉलीबॉल टीम पुणे रवाना

**रांची (आजाद सिपाही)।** 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर अंडर-16 और जूनियर-अंडर 18 आयु वर्ग की बालक और बालिका राष्ट्रीय टेनिस वालीबॉल प्रतियोगिता 21 से 24 अक्टूबर तक शिवाजी छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बेलेवाड़ी, पुणे में टेनिस वालीबॉल संघ और टेनिस वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम पुणे के लिए रवाना हुई। यह जानकारी टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव ब्रजेश प्रसाद ने दी। सब जूनियर बालक वर्ग-अंशु प्रसाद( कप्तान), रीहन कुमार, आदर्श कुमार तिवारी, सनी राज, आदित्य कुमार सिंह, शिव शंभू उपाध्याय, मिक्स्ड डबल्स में प्रिंस कुमार, कोच सृजल कुमार सिंह। जूनियर बालक वर्ग-रौनक कुमार (कप्तान), अभिजीत विश्वास, आशीष राज, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार, शिवम मिश्रा, मिक्स्ड डबल्स में आयुष कुमार, कोच श्वेत सिंह। जूनियर बालिका वर्ग-दीक्षा राज (कप्तान), प्रीती कुमारी, मुस्कान कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, स्नेहा विश्वकर्मा, हर्षिता भारद्वाज, स्मृति साव, मिक्सड डबल्स में स्नेहा कुमारी, कोच दीपक कुमार।

### रोटरी रांची ने किन्नरों के साथ साझा किया मंच, उन्हें अधिकार के प्रति किया जागरूक

# किन्नरों को मिले सम्मान और समानता का अवसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हमारे समाज में किन्नरों को न तो मर्दों में गिना जाता है और न ही महिलाओं में। यह लैंगिक आधार पर विभाजन की पुरातन व्यवस्था का अंग है। भले ही किन्नरों ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़कर अपने लिए कानूनी रूप से ट्रांसजेंडर का कॉलम दस्तावेजों में दर्ज करवा लिया हो, लेकिन समाज में सम्मान के अधिकार से वे अबतक वंचित हैं। ऐसे ही किन्नर समाज के दर्द को समझने, उनकी समस्याओं को दूर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रोटरी रांची ने उनके साथ मंच साझा किया।

रोटरी हॉल में मंच से किन्नर नरगिस ने कहा कि सामाजिक मान्यता है कि हमारी दुवाएं जिसे लग जाये वह खूब फलता-फूलता है। दुवाएं सभी को चाहिए, लेकिन फिर भी हमें दुत्कारा जाता है। हमारे साथ यह भेद क्यों है। किन्नर वर्ग सामाजिक बहिष्कार, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा की समस्या से घिरा है। किन्नर तमन्ना ने कहा कि आज की दुनिया आधुनिक हो गई है, लेकिन आज भी हमारा पेट नाच-गाना से ही चलता है। कानूनी तौर पर 2014 मिली हमें ट्रांसजेंडर की संज्ञा हमारे संघर्ष की जीत का प्रतीक है। रोटरी अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि समाज को ट्रांसजेंडर वर्ग के साथ किसी भी तरह के भेदभाव का त्याग कर उन्हें खुले मन से स्वीकार करना चाहिए। इनका अपना कोई परिवार नहीं है। ये दूसरों की खुशी में ही अपनी खुशी तलाशते हैं। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर आदित्य मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी सुधा ढांढनिया,भंडारी लाल, एस के मल्होत्रा, राजीव मोदी, मनोज तिवारी, अजयदीप वाधवा, अमित अग्रवाल, गौरव प्रशांत, शालिनी सिंघानिया, जशदीप सिंह, अतुल अग्रवाल, अजय साबु, एन के मखीजा, हर्मिंदर सिंह, रविन्द्र सिंह चड्ढा, प्रदीप बहल, कांता मोदी, डॉ अनिल पांडेय, अंशु बहल, रमेश, शशि, चरणजीत सिंह वासु आदि उपस्थित थे ।




## ओरमांझी के जीराबार ग्राम की मालती देवी ने मिसाल कायम की

**सात साल के बच्चे को वेल्लोर ले जाकर इलाज कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मानव सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है। और सेवा के लिए सिर्फ आपके अंदर एक जज्बा होना चाहिए। इसी मानव सेवा की मिसाल कायम की ओरमांझी प्रखंड के जीराबार ग्राम की एक महिला मालती देवी, पति सुनील कुमार राजू (साहू) ने, जिसने बोकारो के काला पत्थर गांव के 12 वर्षीय शिवलाल गोराई का इलाज अपने दम पर कराया। समाजसेवी बीरेंद्र साहू ने बताया कि शिवलाल गोराई, पिता सरजू गोराई, माता चंपा देवी का एक बच्चा जो विगत सात वर्षों से ट्यूमर से पीड़ित था। गोराई परिवार काफी गरीब परिवार था। इसे शहर से बाहर ले जाकर इलाज कराना असंभव सा प्रतीत हो रहा था। ऐसे में जीराबार की मालती देवी के संपर्क में वह परिवार आया। आज जहां मुसीबत के समय अपना साथ छोड़ देते हैं, वहीं मालती देवी ने उस बच्चे को वेल्लोर ले जाकर इलाज करने की मन में ठान ली। मालती देवी ने उस बच्चे को अपने साथ चार बार वेल्लोर स्थित अस्पताल में इलाज कराने ले गयी। महीनों वहीं रह कर, पैसे के अभाव में अपनी पीठ पर बच्चा को अस्पताल ले जाकर वहां उसका इलाज कराया एवं बाद में चिकित्सकों के परामर्श से ऑपरेशन कराया। असंभव सा लगने वाला कार्य को चिकित्सकों के अथक प्रयास से सफल कराया। बच्चा पूरी तरह से ठीक हो गया। महिला के संदर्भ में उसके अंदर की मां, ममता और मातृत्व को देख कर वहां के चिकित्सक काफी प्रभावित हुए। बच्चा एवं मालती देवी के साथ चिकित्सक ने फोटो खींचा कर उन्हें धन्यवाद दिया। आज इस महिला की चर्चा गांव में काफी हो रही है। जीराबार की ग्रामवासी मालती देवी के पति सुनील कुमार राजू (साहू) को अपनी पत्नी के साहस को देख कर काफी गर्व महसूस हो रहा है।

## षष्ठी के दिन मां कात्यायनी की पूजा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर (कृष्णा नगर कॉलोनी) में चल रहे शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आज षष्ठी के दिन मां कात्यानी की पूजा कर सुबह 5:00 बजे से 6:15 बजे तक मां की कपूर जोत सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा जलायी गयी। इसके उपरांत 6:15 से 6:45 तक कुंवारी कन्याओं द्वारा मां के चरणों में चुनरी और नारियल भेंट की गयी। सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक पंडित ज्ञानदेव मिश्रा पंडित रामचंद्र उपाध्याय पंडित सीताराम जी और मंदिर के चंद्रभान जी तलेजा और प्रधान मनोहरलाल जसूजा और सचिव केसर पपनेजा की अगुवाई में मां दुर्गा सप्तशती और श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। राधा कृष्ण मंदिर के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सप्तमी के दिन 18 घंटे का अखंड जाप 108 भक्तों के द्वारा किया जायेगा, जो सुबह 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक चलेगा। 22 को दिन रविवार महाष्टमी वाले दिन, सुबह 5:00 बजे से 6:00 बजे तक जाप की जायेगी। उसके उपरांत सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक और 10:00 बजे से 1:00 बजे तक चुन्नी और नारियल मां के भक्तों द्वारा माँ के चरणों में भेंट की जायेगी। शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे भी चुन्नी और नारियल मां के चरणों में भेंट की जायेगी। सामूहिक1008 ज्योत सभी भक्तो के द्वारा मंदिर प्रांगण में जलाई जायेगी। श्री दुर्गा जागरण मंडली के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा।



## बैंक ऑफ इंडिया के ऑटोमोबाइल डीलर्स के साथ संयुक्त स्टॉल अभियान जारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** त्योहारों के इस खास दौर में चार पहिया वाहनों के प्रति ग्राहकों के रुझान और उनकी सहूलियत को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया ने रांची के प्रमुख वाहन डीलर्स शोरूम के साथ त्वरित वाहन ऋण प्रसंस्करण हेतु संयुक्त रूप से स्टाल लगाना जारी रखा है। इस क्रम में शुक्रवार को होराइजन किआ अशोकनगर तथा प्रेमसंस मोटर्स नेक्सा बरियातू में संयुक्त रूप से बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्टाल लगाया गया। बताते चलें कि बैंक ऑफ इंडिया झारखंड राज्य का लीड बैंक है, जो त्योहारी ऑफर के अंतर्गत कम से कम कागजी कार्रवाई पर न्यूनतम 8.75% वार्षिक ब्याज दर के साथ और प्रसंस्करण शुल्क में 100 फीसदी की छूट पर वाहन ऋण उपलब्ध करा रहा है।

## सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी प्ले स्कूल में बच्चों ने मनाया दशहरा का उत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी प्ले स्कूल कोकर में दशहरा का उत्सव बच्चों के द्वारा मनाया गया। बच्चे बच्चियां रंग बिरंगे पोशाक में आये। बच्चों के द्वारा बहुत ही खूबसूरत डांडिया डांस प्रस्तुत किया गया। साथ में शिक्षकों ने भी डांडिया डांस बच्चों के साथ करके खूब मस्ती की। मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा होती हैं और बुराइयों पर जीत प्राप्त करती हैं। जन जन का कल्याण करती हैं। दशहरा पर्व रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में बच्चों को जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि मन में किसी भी प्रकार का बुरा सोच किसी के प्रति नहीं रखना चाहिए और अपने मन से अंधकार को हटा कर स्वयं को अच्छे गुणों से प्रकाशित करना चाहिए।

## भक्तों ने सामूहिक रूप से मां की जोत जलायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री राधा कृष्ण मंदिर(कृष्णा नगर कॉलोनी) में चल रहे शारदीय नवरात्र के पावन अवसर परषष्ठी के दिन मां कात्यायनी की पूजा कर सुबह 5:00 बजे से 6:15 बजे तक मां की कपूर जोत सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा जलायी गयी। इसके उपरांत 6:15 से 6:45 तक कुंवारी कन्याओं द्वारा मां के चरणों में चुनरी औरं नारियल भेंट की गयी। सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक पंडित ज्ञानदेव मिश्रा, पंडित रामचंद्र उपाध्याय, पंडित सीताराम जी और मंदिर के चंद्रभान जी तलेजा एवं प्रधान मनोहरलाल जसूजा और सचिव केसर पपनेजा की अगुवाई में माँ दुर्गा सप्तशती और श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। माता रानी के जयकारों के साथ पूरा मंदिर परिसर भक्तों से भरा पड़ा था, जिससे पूरा माहौल मां के भक्ति के रंग में रंग गया।

## कमिश्नर और डीआइजी ने दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा का जायजा लिया

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेंज के कमिश्नर और डीआइजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा निर्देश दिये। दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात, पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। कमिश्नर और डीआइजी ने विसर्जन से पूर्व बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट में निकालने के लिए कहा। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने, पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की गजाला परवीन झारखंड की टॉपर बनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड नर्सिंग रजिस्ट्रेशन कौंसिल, रांची की ओर से आयोजित जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी की प्रथम वार्षिक परीक्षा में आइडियल ऐकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की मेधा छात्रा गजाला परवीन ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि आइडियल एके-डमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन प्रदेश का अत्याधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, रांची की सहयोगी संस्था है। शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मजीद आलम और उनकी पुत्री डॉ तरन्नुम अफरोज आलम इस नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त रूप से निदेशक हैं। पिछले दो वर्षों से लगातार आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के छात्र प्रदेश में प्रथम स्थम हासिल कर रांची का नाम रौशन कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी इसी कॉलेज की छात्रा शिलारानी महतो ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आइडियल एके-डमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के निदेशक डॉ मजीद आलम, उप-प्रधानाचार्य सुहास केरकेट्टा सहित कॉलेज के पदाधिकारियों समेत अन्य छात्रों ने प्रदेश की टॉपर छात्रा गजाला परवीन को उज्ज्वल भविष्य की कामना समेत बधाई दी।



## युवा दस्ता के मुख्य मंच का उद्घाटन

**एसडीओ रांची ने सभी कार्यकर्ताओं से दुर्गा पूजा सफल बनाने की अपील की**

**दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो तुरंत दस्ता के सदस्य से संपर्क करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र की पूजा में रांची शहर में श्रद्धालुओं की सहायता के लिए गठित युवा दस्ता के मुख्य मंच का उद्घाटन शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे ने किया। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित आयोजित उद्घाटन समारोह में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, श्री दुगार्पूजा महासमिति रांची के अध्यक्ष रामधन बर्मन मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू और संचालन मंटू दुबे ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पीयूष आनंद ने किया। युवा दस्ता के पदाधिकारियों के द्वारा मंच पर आये सभी अतिथियों का भव्य स्वागत चुनड़ी ओढ़ा कर किया गया। एसडीओ रांची दीपक दुबे और रामधन बर्मन ने सभी सदस्यों को प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त परिचय पत्र देकर सभी पंडाल में तैनात रहने के लिए रवाना किया। एसडीओ रांची ने सभी कार्यकर्ताओं से दुर्गा पूजा को सफल बनाने की अपील की और किसी प्रकार की परेशानी होने पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि किसी भी दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो तुरंत दस्ता के सदस्य से संपर्क करें, ताकि उनकी परेशानी का समाधान निकल सके। श्री मिश्रा ने आग्रह किया है कि मां भवानी के दर्शन करने आये सभी दर्शनार्थियों के साथ में आये सभी बच्चों और बुजुर्गों के पॉकेट में नाम पता और फोन नंबर डाल दे, ताकि भीड़ में बिछड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुंचा सके। समारोह में राकेश सिंह, शाहिल कुमार, सुमित साहू, पिंटू तिवारी, आयुष सिंह, मनीष केसरी, ओम प्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, अभिनव पासवान, नवनीत पांडेय, मनीष साहू, अमित केसरी, टिंकू महतो, राजेश राम, सागर, सोनू पटवा, आयुष सिंह, विक्रम साहू, विनीत सिंह, दुर्गा साहू, अमित, विशाल, सोनू ओझा, रवि सहित सभी क्षेत्रीय प्रभारी और सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
सिंगरौली स्टेशन पर त्वरित पानी भरने की व्यवस्था की स्थापना।
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "सिंगल पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।
(i) बिड संख्या एवं दिनांक : e-Tender Notice No. MC-02-Open-2023-24 दिनांक 17/10/2023 (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सिंगरौली स्टेशन पर त्वरित पानी भरने की व्यवस्था की स्थापना। कार्य समापन अवधि : 06 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : रु. 2,27,86,790.60 (दो करोड़ सत्ताईस लाख छियासी हजार सात सौ नब्बे रुपये एवं साठ पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : रु. 2,64,000.00 (दो लाख चौसठ हजार रुपये) मात्र। (v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 07/11/2023 को 17:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 08/11/2023 को 12:30 बजे, (vi) वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01468/डीएचएन/यॉ०/टी/23–24/36

# 15 साल बाद मिला इंसाफ

टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की सितंबर 2008 में हुई सनसनीखेज हत्या के करीब 15 साल बाद दिल्ली की साकेत अदालत ने इस मामले के सभी पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। इन्हें मिलने वाली सजा का एलान अभी नहीं हुआ है, वह 26 अक्टूबर को सुनायी जाने वाली है, लेकिन यह मामला कई लिहाज से महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक पत्रकार की हत्या का यह मामला उन कुछेक मामलों में शामिल है, जिसने देश में और खास कर बड़े शहरों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सामने लाने में मदद की। इसके बाद 2012 में दिल्ली में ही हुई निर्भया की हत्या ने इस मुद्दे पर लोगों की चिंता को अभूतपूर्व ढंग से रेखांकित किया। स्त्री, पुरुष बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे सभी सड़कों पर निकल आये थे। उसके बाद ही रेप कानूनों में सुधार लाते हुए उसका दायरा बढ़ाया गया। इन सबसे स्वाभाविक ही यह सवाल एक बार फिर सामने आता है कि सौम्या और निर्भया जैसे मामलों ने क्या देश के महानगरों में कामकाजी महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाया है। क्या आज महिलाएं 2008 या 2012 के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं? अगर आंकड़ों के आइने में देखें तो स्थिति और बदतर ही नजर आती है। दिल्ली का ही उदाहरण लें तो 2008 में यानी जिस साल सौम्या विश्वनाथन की हत्या हुई थी, राजधानी में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 3515 मामले दर्ज हुए थे। इसके मुकाबले पिछले साल के आंकड़े देखें तो दिल्ली पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 13,988 मामले दर्ज किये। यानी लगभग चार गुना इजाफा। निश्चित रूप से ये आंकड़े हालात बेकाबू होने का संकेत देते हैं, लेकिन आंकड़े हमेशा पूरी तस्वीर पेश नहीं करते। इन 15 सालों में दिल्ली की आबादी में हुई बढ़ोतरी का सवाल तो है ही, ये बढ़े हुए आंकड़े इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि इस दौरान लोगों में अपराध दर्ज कराने को लेकर जागरूकता बढ़ी है और पुलिस भी एफआइआर दर्ज करने को लेकर पहले से ज्यादा उदार हुई है। इसके अलावा, कोई शहर वहां के नागरिकों के लिए कितना सुरक्षित है, यह बात महज आंकड़ों से तय नहीं होती। इसका ज्यादा व्यावहारिक मानक यह है कि उस शहर के लोग घरों से निकलते हुए खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। जहां तक दिल्ली की और खास कर यहां रहने वाली महिलाओं का सवाल है तो मेट्रो आने और महिलाओं को लेकर धीरे-धीरे समाज में खुलापन बढ़ने का पॉजिटिव इंपैक्ट इस मामले में भी देखा जा रहा है कि अब महिलाओं के घरों से बाहर निकलने में ही नहीं, कामकाज करने और पार्टियों में शिरकत करने के मामले में भी 15 साल पहले के मुकाबले स्थिति कहीं बेहतर है। हालांकि इसे कानून व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतरी का विकल्प नहीं माना जा सकता। इसलिए उस मोर्चे पर प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत बनी हुई है।

**महिलाओं को लेकर धीरे-धीरे समाज में खुलापन बढ़ने का पॉजिटिव इंपैक्ट इस मामले में भी देखा जा रहा है कि अब महिलाओं के घरों से बाहर निकलने में ही नहीं, कामकाज करने और पार्टियों में शिरकत करने के मामले में भी 15 साल पहले के मुकाबले स्थिति कहीं बेहतर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुख्य न्यायाधीश ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की बात कही थी। इस एक्सपर्ट पैनल की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे, जो समलैंगिक जोड़ों को शादी के अधिकार समेत कई अधिकार देने पर विचार करेंगे। इसके बावजूद इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की राह आसान नहीं है।**

# समलैंगिक विवाह : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को संकट में डाला

योगेंद्र योगी

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर केंद्र सरकार का संकट बढ़ा दिया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि यह संसद के अधिकार क्षेत्र पर निर्भर करता है। विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समलैंगिकों के अधिकारों की पहचान के लिए कमेटी बने और उन्हें कुछ कानूनी अधिकार और सामाजिक सुरक्षा का लाभ दे।

मुख्य न्यायाधीश ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की बात कही थी। इस एक्सपर्ट पैनल की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे, जो समलैंगिक जोड़ों को शादी के अधिकार समेत कई अधिकार देने पर विचार करेंगे। इसके बावजूद इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की राह आसान नहीं है।

केंद्र सरकार ऐसे विवादास्पद विषयों से बचती रही है। इससे पहले केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल को उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनाने का विरोध किया था। कृपाल ने खुद को खुले तौर पर समलैंगिक बताया था। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने कृपाल को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। यह मामला अभी तक केंद्र के समक्ष लंबित है। समलैंगिक विवाह को अनुमति देने का विरोध भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही करती आई है। पार्टी की दलील रही है कि यह देश की सभ्यता-संस्कृति और प्रचलित मान्यताओं के खिलाफ है।

**दुनिया भर में केवल 34 देशों ने समान-लिंग विवाहों को वैध बनाया है।**



**अपने फैसले में कोर्ट ने साफ करते हुए कहा है कि गे, लैस्बियन और बॉयसैक्सुअल तीसरे जैंडर में नहीं आते हैं। कोर्ट ने थर्ड जैंडर को ओबीसी मानने और उन्हें नौकरी और अन्य कामों में रिजर्वेशन दिये जाने की बात कही। सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता और सामाजिक तौर पर जटिलताओं से भरे भारत में इस तरह के फैसले लेना राजनीतिक दलों के लिए आसान नहीं है।**

भाजपा इसे विकृति के तौर पर रेखांकित करती रही है। केंद्र सरकार हमेशा से समलैंगिक विवाह की मांग के विरोध में रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि यह न केवल देश की सांस्कृतिक और नैतिक परंपरा के खिलाफ है, बल्कि इसे मान्यता देने से पहले 28 कानूनों के 158 प्रावधानों में बदलाव करते हुए पर्सनल लॉ से भी छेड़छाड़ करनी होगी।

सामाजिक लोकलाज के भय से देश में पहले दबे-छिपे तरीके से समलैंगिक संबंध के मामले चलते रहे हैं, किंतु सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने से इसे ज्यादा प्रचार मिल गया। केंद्र सरकार की बेशक घरेलू दिक्कत हो किंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिदृश्य अलग है। भारत संयुक्त राष्ट्रसंघ सुरक्षा परिषद में दावेदारी पेश कर रहा है।

दावेदारी को फ्रांस, अमेरिका जैसे देशों का समर्थन हासिल है। ऐसे में भारत को आधुनिक और प्रगतिशील छवि भी पेश करनी है। समलैंगिकों के विवाह सहित अन्य मुद्दे वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों से जुड़े हुए हैं। ऐसे में भारत पर आने वाले वक्त में इस कानूनी मान्यता देने का दबाव पड़ना लाजिमी है। लंबे अर्से तक इसकी उपेक्षा करना आसान नहीं है। इस मुद्दे पर भाजपा जहां विरोध कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया इस पर चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस भी वोट बैंक के डर से इस पर चुप्पी साधे हुए है। अन्य राजनीतिक दल भी इस समस्या के पक्ष या विपक्ष में बयान देने से कतरा रहे हैं।

दरअसल भारत में आम मान्यता समलैंगिक संबंधों को कुरीति के तौर पर देखना है। ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इस पर विवाद में नहीं पड़ना चाहता। केंद्र की भाजपा सरकार भी यही चाहती थी कि इस मुद्दे पर जो करना है सुप्रीम कोर्ट करे, ताकि ठीकरा सुप्रीम कोर्ट पर फोड़ा जा सके, किंतु सुप्रीम कोर्ट ने भी पल्ला झाड़ते हुए गेंद को केंद्र के पाले में डाल दिया।

दुनिया भर में केवल 34 देशों ने समान-लिंग विवाहों को वैध बनाया है, जिनमें से 24 देशों ने इसे विधायी प्रक्रिया के माध्यम से, जबकि नौ ने विधायिका और न्यायपालिका की मिश्रित प्रक्रिया के माध्यम से यह किया है। इनमें मान्यता देने वाला एक भी इस्लामिक देश शामिल नहीं है, जबकि दक्षिण अफ्रीका अकेला देश है, जहां इस प्रकार के विवाहों को न्यायपालिका द्वारा वैध किया गया है। एंडोरा, क्यूबा और स्लोवेनिया, तीन ऐसे देश हैं, जहां पिछले साल सेम सैक्स मैरिज को कानूनी रूप से वैध करार दिया गया है। ऐसे में देर-सवेर भारत को इस मुद्दे को वैधानिक स्वीकृति देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह मुद्दा भी भारत की वैश्विक छवि पर असर डाले बिना रहेगा।

समलैंगिक विवाह की तरह ही जटिल सामाजिक मुद्दा थर्ड जेंडर को मान्यता देने का रहा है। इस मुद्दे पर भी निर्णय लेने में 70 साल से अधिक का वक्त लग गया। इसी तरह समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर निकालने में भी दशकों लग गये। थर्ड जेंडर और समलैंगिक यौन संबंधों जैसे सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील मुद्दों पर भाजपा ही नहीं, कांग्रेस सहित कोई भी राजनीतिक दल फैसला नहीं ले सका। आखिरकार न्यायालय की पहल से ही इन मुद्दों पर फैसला हो सका।

वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए ट्रांसजेंडरों को थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता दी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कई राज्यों में ट्रांसजेंडरों को ध्यान में रखते हुए नीतियां भी बनायी गयी थीं, लेकिन केंद्र ने कोर्ट से अनुरोध किया था कि कृपया स्पष्ट करें कि समलैंगिक इस श्रेणी में आते हैं या नहीं।

अपने फैसले में कोर्ट ने साफ करते हुए कहा है कि गे, लैस्बियन और बॉयसैक्सुअल तीसरे जैंडर में नहीं आते हैं। कोर्ट ने थर्ड जैंडर को ओबीसी मानने और उन्हें नौकरी और अन्य कामों में रिजर्वेशन दिये जाने की बात कही। सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता और सामाजिक तौर पर जटिलताओं से भरे भारत में इस तरह के फैसले लेना राजनीतिक दलों के लिए आसान नहीं है। जिस देश में अभी तक गैर-कानूनी होने के बावजूद बाल विवाह बड़े पैमाने पर हर साल होते हैं, उसमें ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर वर्ग विशेष के लिए कानून बनाना किसी भी दल की सरकार के लिए आसान नहीं है। ऐसे मुद्दों पर सरकारों का प्रयास यही रहा कि किसी तरह की बदनामी मोल लेने की बजाय अदालतों से ही फैसले कराये जायें।

## जमशेदपुर की खबरें

# टीएसएलपीएल कंपनी में बोनस मिलने से कर्मचारियों में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया/टाटा।** स्टील लौंग प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी के प्रबंधन ने विवादित टाटा कामगार यूनियन को दर किनारा कर बोनस की रकम सीधे कर्मचारियों के खाते में भेज दिया। निराश मजदूर कर्मचारियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी है, उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर अपनी आस्था और विश्वास जताया है। कर्मचारियों का कहना है कि लगभग दो वर्षो से धांधली कर बनें टाटा कामगार यूनियन के पदाधिकारियों और मजदूर कर्मचारियों के बिच विवाद चल रहा है, विवादित युनियन हमेशा मैनेजमेंट को गुमराह कर कर्मचारियों को मिलने वाले हितकारी योजनाओं से वंचित करने का प्रयास किया है। जिसका विरोध लगातार मजदूर कर्मचारियों कर रहा है, कुछ दिन पहले भी युनियन ने मनमानी तरीके से ग्रेड रिवीजन कराया है जिसका शिकायत मजदूर कर्मचारियों ने कंपनी के महाप्रबंधक को लिखित रूप से भेज कर किया था और उपश्रमायुक्त से भी मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। उपश्रमायुक्त ने भी मजदूर कर्मचारियों के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मामले का जांच आदेश जारी किये है। सम्मान जनक तरीके से बोनस दिलाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए मजदूर कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपश्रमायुक्त राकेश प्रसाद सिन्हा से औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए दुर्गा पूजा की बधाई शुभकामना दिये ।

# सरयू राय के प्रयासों से 33 वर्ष बाद मंदिर निर्माण कार्य का होगा जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर शहर के बीच केबुल टाउन स्थित उड़ीसा के विश्व प्रसिद्ध कोणार्क मंदिर के मॉडल को केंद्र बिंदु में रख कर बनाया जा रहा था। हिंदुओ के आस्था से जुड़े मंदिर का निर्माण कार्य सन् 1990 में बंद हो गया था। जिसके कारण मंदिर आज भी पूरी तरह से तैयार नहीं है। लेकिन इसकी भव्यता आज भी झलकती है। बीते दिनों जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंदिर का निरीक्षण कर जल्द निर्माण के लिए आश्वासन दिया था। विधायक सरयू राय के पहल पर 33 साल बाद जीर्णोद्धार कार्य आरंभ होने से जमशेदपुर सहित झारखंड के लिए एक प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के रूप में विकसित होगा। विधायक ने दुर्गा पूजा के दौरान महासष्टि के दिन प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 24 अक्टूबर यानी विजया दशमी के शुभ दिन जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करने की बात कही। विधायक राय ने कहा यह कार्य स्वैच्छिक कर सेवा ने विजया दशमी के दिन सुबह 9 बजे से शुरू किया जायेगा। विधायक सरयू राय ने शहर के सभी श्रद्धालुजनों,सभी सामाजिक-सांस्कृतिक-राजनीतक- स्वयंसेवी संगठनों से अनुरोध करते हुए विजया दशमी के दिन मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जीर्णोद्धार के लिए कर सेवा में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केबुल टाउन और बस्ती के सभी परिवारों से और प्रबुद्ध जनों से खासकर मंदिर की परिधि में आने वाले परिवारों से विशेष संपर्क किया जा रहा है। संपर्क और कार्यक्रम की व्यवस्था गोलमुरी मंडल के कार्यकताओं के ज़िम्मे है। उन्होंने कहा संवयं इस बारे में सर्व अनिल ठाकुर, शिव शंकर सिंह, विपिन शुक्ला और केबुल टाउन के प्रबुद्ध जनों से संपर्क कर उनकी रजामंदी हासिल किया गया। प्रताप यादव व अन्य सुधीजनों से भी संपर्क किया जायेगा। भाजमो के कार्यकर्ताओं और अन्य दलों एवं संगठनों से भी संपर्क चल रहा है।मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा हो जाएगा। इसके पहले मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो जायेगी। उन्होंने कहा एक माह में मंदिर के गर्भ गृह में श्री लक्ष्मी नारायण के प्रतिकृति का दर्शन पूजन आरंभ हो जाने का उमीद है। इस बीच प्रत्येक सप्ताह कोई न कोई अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हो और मंदिर का वर्षों से सुप्त पड़ा माहौल जागृत किया जा सके। इस बारे में मंदिर के किनारे की दिशाओं में अवस्थित आवासों में रहने वाले लोगों की विशेष भूमिका होगी।

# नवरात्र उत्सव में बच्चों ने धरा नवदुर्गा का रूप, डांडिया और गरबा की बनी रही धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



जमशेदपुर। गोलमुरी केबुल बस्ती के सीपी समिति मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों ने नवरात्र महोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी पूजन दिवस के मौके पर स्कूली छात्राओं ने नवदुर्गा का रूप धरा। इस अवसर पर बच्चों ने मां दुर्गा के नौ स्वरूप का दर्शन और चित्रण किया। इस दौरान दुर्गा स्तुति, महिषासुरमर्दिनी स्त्रोत पर नृत्य का मंचन हुआ। स्कूली बच्चों में डांडिया और गरबा नृत्य की धूम देखने को मिला। गरबा नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना और अर्चना की गयी। प्रस्तुति के दौरान मौके पर मौजूद अतिथियों और लोगों का मन मोहा। इस दौरान मुख्य अथिति स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित रहें। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति और शिक्षकों की पहल का सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे आयोजन बच्चों को कला संस्कृति से जोड़ते हैं। मा दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत और नारी शक्ति का प्रतीक है। सत्य को कितनी भी कठिनाई आए अंत में सत्य की ही जीत होती है। उन्होंने बच्चों को उस राह पर चलने की प्रेरणा दी।मौके पर विद्यालय के महासचिव परमानंद कौशल, उपाध्यक्ष मोहन कुमार, सालिक देवांगन और प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद रहें। कार्यक्रम की रूपरेखा त्रिलोचन कौर ने रखी, संचालन शिक्षिका सुमन सिंह ने किया।इस अवसर पर चांद सिंह, हीरा दास मानिकपुरी, कौशिक दत्ता, रेखा कुमारी, अनुसुइया कुमारी, सीमा, अर्चना सिंह, तारकेश्वरी देवी, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने बालिकाओं के बीच शिक्षा किट का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



जमशेदपुर। रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी एवं सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से आदिशक्ति कन्या पूजन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सिदगोड़ा अवध टॉवर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास, विशिष्ट पूर्व विधायक व नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। मौके पर रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय संकृति के तहत मां दुर्गा की प्रतिकृति के रूप में कन्याओं की पूजा की गई। इस अवसर पर 351 से अधिक स्थानीय जरूरतमंद बालिकाओं के बीच एक वर्ष तक चलने वाले शिक्षा किट का वितरण किया गया। मौके पर उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास ने कहा सनातन धर्म में नारी को नर से महान बताया गया है। जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। हमारा भारत देश पर्व त्योहारों का देश है। नवरात्र सिर्फ पूजा व अनुष्ठान का पर्व ही नहीं बल्कि शक्ति साधना का भी महापर्व है। मां दुर्गा व उनके नौ रूपों की अपार शक्ति नारी सशक्तीकरण का भी प्रतीक है। अब हमें नारी का निर्बल नहीं सबल पक्ष देखने को मिलता है। आज की नारी सहनशील है, मजबूत है, किसी के दबाव में नहीं है। वे अंतरिक्ष से लेकर खेल, शिक्षा व राजनीति के सभी क्षेत्रों में अपनी काबिलियत व प्रतिभा को साबित कर रही है। उन्होंने मौजूद सभी कन्याओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के प्रेसिडेंट निर्मल, सेक्रेटरी प्रथमा बोस, रोशन, आशीष, सूरज झा, लक्ष्मी, सूरज, संजू, हर्ष शर्मा, आयुष शर्मा, आयुष, देवानंद गौरव व अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

# पंजाब के सीएम भगवंत माने टाटा स्टील के भूमि पूजन समारोह में हुए शामिल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील ने पंजाब के लुधियाना में 7,50,000 टन प्रति वर्ष के स्क्रैप-आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस प्लांट के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। शुक्रवार को भूमि पूजन समारोह में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टी.वी. नरेंद्रन ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों व कंपनी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह की रस्म पूरी की। भारत में टाटा स्टील का पहला न्यूनतम कार्बन वाला ग्रीन स्टील प्लांट है। लुधियाना में यह नयी सुविधा सस्टेनेबल मैनुफैक्चरिंग व 2045 तक नेट जीरो प्राप्त करने की दिशा में टाटा स्टील की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस सहित अत्याधुनिक तकनीक होगी, जो ऊर्जा-कुशल है। पारंपरिक स्टील मेकिंग की तुलना में काफी कम कार्बन उत्सर्जन करती है। 2,600 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला प्लांट मार्च 2025 तक चालू किया जायेगा। लुधियाना को विशेष रूप से हाई-टेक वैली इंडस्ट्रियल पार्क के साथ-साथ एक ऑटो हब के निकट होने के कारण चुना गया है। जहां से कंपनी के प्रमुख टाटा टिस्कॉन ब्रांड के तहत बाजार के लिए लांग स्टील प्रोडक्ट्स का उत्पादन करने के लिए स्टील स्क्रैप प्राप्त किया जा सकता है। टाटा स्टील के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर व प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा हम अधिक सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस-आधारित स्टील बनाने की दिशा में परिवर्तन की एक नयी यात्रा शुरू कर रहे हैं। जिसके माध्यम से हम डीकाबोर्नाइजेशन की अपनी खोज जारी रखेंगे। लुधियाना में प्रस्तावित यह नई अत्याधुनिक सुविधा सस्टेनेबल मैनुफैक्चरिंग व 2045 तक नेट जीरो प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

## मंत्री ने किया भक्ति जागरण का उद्घाटन

# भक्ति भावना से ओत प्रोत है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति शिव मंदिर के तत्वावधान में भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर और फीता काटकर किया। कार्यक्रम में शामिल भोजपुरी कलाकारों दीपक तिवारी, राकेश रोशन, विक्की तिवारी, प्रियंका तिवारी, प्रियंका भास्कर ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की। कलाकारों ने ऐसी समा बांधी कि दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो गए। कलाकारों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने समस्त जिलेवासियों एवं झारखंड वासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के मौके पर चारों तरफ माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। गढ़वा में भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। माता रानी हम सभी के परिवार में खुशियां लाएं, सुख समृद्धि में वृद्धि करें और सभी के कष्टों का हरण करें। इस बेहतर आयोजन के लिए मंत्री ने समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, थाना प्रभारी केके साहु, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष पूरन तिवारी, सचिव अमित कुमार कश्यप, निरंजन प्रसाद गुप्ता, विनोद शंकर अग्रवाल, अयोध्या ठाकुर, सच्चिदानंद सिंह, अभिषेक पांडेय, प्रेम दुबे, मिथिलेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## दुर्गा पूजा में उपद्रव फैलाने वालों की खैर नहीं : प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** दुर्गा पूजा में कानून व शांति की व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कानून का पालन नहीं करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में अंचलाधिकारी यशवंत नायक, बीडीओ जागो महतो, थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी तथा जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकाली गयी, जो मेन रोड से बस स्टैंड, स्टेशन से पुरानी बाजार होते पुनः थाना परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो तथा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा उपद्रोबियों को यह संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है कि दुर्गा पूजा महोत्सव में उपद्रव फैलाने वालों की खैर नहीं रहेगी। पदाधिकारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों तथा सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रतिदिन थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जाकर मुआयना किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी का प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसआई सुरजीत चौधर, सुधांशु यादव, सत्येंद्र चौबे, झामुमो नेता विकास सिंह कुशवाहा के अलावे बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।



## डीसी और एसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च



गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में आज गढ़वा जिला मुख्यालय के शहर थाना अंतर्गत फ्लैग मार्च किया गया। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक संग पदाधिकारी एवं काफी संख्या में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च शहर थाना से शुरू होकर रंका मोड, मेन रोड, मंझिआव मोड़, ऊंचरी, रेलवे लाइन होते हुए मदरसा रोड, बस स्टैंड, रामबांध तालाब, बैल बाजार, निमिया अखाड़ा, पुरानी बाजार, चौधराना बाजार, छठ घाट रोड होते हुए थाना तक फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि शहर के लोग शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा का पर्व मनायें और हर्षोल्लास के साथ पर्व का आनंद ले। उपायुक्त द्वारा गढ़वा जिला के छठ घाट का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें फ्रेंड्स क्लब, स्टूडेंट क्लब, टी ग्रुप आदि छठ घाट का निरीक्षण कर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया।

## कुआं से युवक का शव बरामद

केतार(आजाद सिपाही)। परती गांव में कुआं में एक शव होने की भनक लगते आसपास के लोग घटनास्थल पर उपस्थित होकर पुलिस को सूचना दिया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कुआं से बाहर निकालने का कवायद शुरू कर दिया। शव की पहचान दिलीप कुमार पिता नायक सिंह परती कुशवानी के रूप में हुई है। मृतक के पास पर्स में आधार कार्ड मिला जिससे पहचान हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
Tender Reference No. : RCD/KODERMA/937/2023
दिनांक:-20.10.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत डोमचाँच–ढ़ोढ़ाकोला–सपही–फगुनी पथ के पुनर्निर्माण कार्य(कि0मी0 0.00 से 14.50 बिहार सीमा तक) का अवषेष कार्य वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 19,08,68,750.00 (उन्नीस करोड़ आठ लाख अड़सठ हजार सात सौ पचास रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 19,09,000.00 (उन्नीस लाख नौ हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01(एक) वर्ष। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 07.11.2023, 10:30 बजे तक। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 28.11.2023, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 30.11.2023, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
PR309763 (Road)23-24*D


## पुलिस प्रशासन ने सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया



विशुनपुरा(आजाद सिपाही)। दशहरा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा पूजा को लेकर विशेष नजर रखी जा रही है। दुर्गा पूजा को लेकर अंचलाधिकारी निधि रजवार के साथ थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने अपने दल बल के साथ मुख्यालय के सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। वही पुलिस ने पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। वहीं विशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने शातिपूर्ण व सद्भाव के साथ पर्व को मनाने की अपील की है। उन्होंने पूजा पंडाल के पास दो पुलिस कर्मी का बहाल कर दिया है।

## आरकेपीएस में नवरात्र और दशहरा पर हुआ कार्यक्रम

गढ़वा(आजाद सिपाही)। नवरात्रि और दशहरा पर्व के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जूनियर विंग के बच्चों ने रूप सज्जा, गायन, गरबा और डांडिया प्रस्तुत किया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, सीता, कृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती, राक्षस महिषासुर आदि के परिवेश में नन्हे मुन्ने बच्चे सभी के मन को मोह रहे थे। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाये गये सुन्दर और आकर्षक पोस्टरों की प्रदर्शनी भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को दुर्गा पूजा व दशहरा की शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार देश की सभ्यता और संस्कृति के परिचायक हैं। ये पर्व हमें अधर्म पर धर्म,बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हैं।

## सज्जा प्रतियोगिता और डांडिया का कार्यक्रम आयोजित




गढ़वा (आजाद सिपाही)। डीएवी मॉडल स्कूल चौधराना बाजार गढ़वा में नवरात्र के शुभ अवसर पर देव रूप सज्जा प्रतियोगिता और डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्च राम दरबार और दुर्गा जी के नौ रूपों में सज धज कर आये थे। अंत में प्राचार्य गुलाम सरवर ने सभी बच्चों, अभिभावकों और लायंस क्लब के सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार विद्यालय में कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों का उत्साह वर्धन के साथ साथ ज्ञान वर्धन और सामाजिकता की भावना भी आती है।

## 75 वर्षो से लगातार हो रही माता दुर्गा रानी की वार्षिक पूजा

रमना(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के इकलौता दुर्गा मंदिर में विगत 75वर्षों से निरंतर वार्षिक दसहरा पूजा निरंतर जारी की जा रही है।पूजा की शुरूवात 1950ई से कपड़े के पंडाल से शुरू हुआ। जिसमें स्थानीय निवासी सीताराम साह,सुनेश्वर साह, शिवपूजन साह, प्रदुमन प्रसाद गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शिव साह, मदन साह (अभी सभी मृत) सहित पंचायत के मुखिया बाबू केदार नाथ सिंह के अलावे अन्य प्रबुद्ध लोगो ने की थी।जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से सन 1968 ई में देवी मंडप का निर्माण कराया गया। हालांकि मंदिर मंडप निर्माण कार्य कराने में लोगो को काफी जद्दोजहद का भी सामना करना पड़ा था। तब रामनरेश साह ने पुजारी के तौर पर कई वर्षों तक अपनी सेवा दी थी। पुरोहित रामचंद्र मिश्रा ने पुरानी बातों को याद दिलाते हुवे कहा कि बाजार में प्रत्येक वर्ष पूरे विधिविधान से नियमित रूप से पूजा होती रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि गढ़वा जिले में विराजमान गढ़देवी मंदिर से पुराना सम्बंध रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक गढ़देवी मंदिर से ही पूजा की समय तिथि मिलान कर पूजा पाठ सम्पन करायी जाती रही है।07

## बीडीओ और थाना प्रभारी ने निकाला फ्लैग मार्च

धुरकी (आजाद सिपाही)। दशहरा पर्व को लेकर धुरकी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी संतोष कुमार ने फ्लैग मार्च धुरकी थाना से धुरकी साप्ताहिक बाजार तक फ्लैग मार्च निकाला गया। दल बल के साथ धुरकी कर्पूरी ठाकुर चौराहा बाजार चौराहा सहित संपूर्ण धुरकी का भ्रमण कर लोगों को दशहरा को शांति तथा सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया है इसके पूर्व थाना प्रभारी संतोष रवि ने डीजे मालिक ऑपरेटर से बैठक कर दुर्गा पूजा मे भक्तिमय संगीत बजाने का आदेश दिया है तथा शांति समिति की बैठक कर सभी सामाजिक लोगों से दशहरा पर्व शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नन्हे छात्र डांडिया धुन पर थिरके

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव और फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा और आरती के साथ किया गया। नवरात्रि थीम में क्लास प्री नर्सरी से प्रेप तक के बच्चो द्वारा फैंसी ड्रेस में आये बच्चो का स्वागत किया गया। उसके बाद अमायरा क्लास प्रेप द्वारा आयगिरी नंदनी गाने पर डांस किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया और डांडिया और गरवा डांस प्रस्तुत किया गया। अभिभावको व बच्चो के बीच प्रसाद वितरित किया गया। शिक्षको ने छात्र छात्रो को संदेश दिया की दुर्गोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत है यह उत्सव हमें सामूहिकता का संदेश देता है।

## शाकाहारियों के बिना रामराज की कल्पना नहीं हो सकती : शतीशचंद्र यादव



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत भागोडीह के हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को जयगुरुदेव संस्थान द्वारा एक दिवसीय सत्यसंग का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जनमानस को शुद्ध शाकाहारी और सदाचारी बनाना है। जय जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक सह कार्यक्रम के सत्यसंग वक्ता सतिसचन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी धर्म व मजहम के अनुवाइयों के द्वारा मांसाहार का सेवन नहीं कभी भी नहीं किया गया है। कहा कि सरकारे एक तरफ रामराज लाने की बात करती है वही दूसरी ओर अंडा, मछली जैसी मासाहार को बढ़ावा दे रही है। रामराज के उखलों मे कभी भी मांसाहार का जिक्र नहीं है। वहीं जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 6 अगस्त से 10 दिसंबर तक प्रतिदिन गुरुदेव संस्थान गोरखपुर के द्वारा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

## मंत्री ने किया तीन प्रखंडों का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने तीन प्रखंडों में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मंत्री ने झामुमो के वरिष्ठ नेता छतैलिया निवासी गंगेश्वर सिंह को चिनियां प्रखंड, सलेया निवासी अनिल चंद्रवंशी को रंका प्रखंड तथा कुशवार निवासी मो. फिरोज मंसूरी को रमकंडा प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर सभी नवनियुक्त प्रतिनिधियों को मनोनयन पत्र प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सभी पार्टी के वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता हैं। मंत्री ने उन्हें जिम्मेवारी सौंपते हुए कहा कि आप सभी अपने प्रखंड में जनसमस्याओं का संकलन कर अधोहस्ताक्षरी और संबंधित अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर निराकरण का कार्य करेंगे। साथ ही प्रखंड के पदाधिकारियों को भी संबंधित प्रतिनिधियों को जनसमस्याओं से संबंधित कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। मंत्री ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में जनहित का बेहतर कार्य करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## विद्यालय में छात्र-छात्राओं से बाथरूम साफ करवाया जाता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** एक विद्यालय ऐसा जहां बच्चों से पढ़ाई करना तो दूर की बात है, इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से लैटरिंग साफ करवाया जाता है। कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित बालिका विद्यालय कांडी से एक नया मामला प्रकाश में आया है। जहां उस विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को उत्पीड़ित करते हुए जबरन शौचालय साफ कराया जाता है। अभिभावकों की शिकायत पर शुक्रवार को कांडी पंचायत मुखिया विजय राम व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार भी पहुंचे। वहां निरीक्षण व जांच के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय के बच्चों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार की शिकायत जनप्रतिनिधियों से किया। चुकी अभिभावक भी मौके पर मौजूद थे। वहीं अभिभावकों ने बताया कि प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की मनमानी से उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राएं काफी तंग आ चुके हैं। बच्चे साफ-सफाई करने के डर से विद्यालय आने में भी आना-कानी करते हैं।

### क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक

इस संबंध में पूछे जाने पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय मसीह होरो ने बताया कि बच्चे शौचालय में पेशाब व शौच कर देते हैं, जिससे काफी दुर्गंध आती है। बच्चे भोजन भी करते हैं, विद्यालय में उतना स्पेस नहीं है कि अलग कोई व्यवस्था उपलब्ध हो सके। बच्चे जब भोजन करने बैठते हैं तो काफी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। बच्चों से शौचालय में केवल पानी डलवाया जाता है।

### क्या कहते हैं प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने कहा कि मामला पहले संज्ञान में नही आया था, आज मामले कि सूचना मिली है चुकी आज के बाद विद्यालय बंद है विद्यालय खुलते ही जांचोपरांत उचित कार्यवाई अवश्य किया जायेगा।

## 23 से 28 अक्टूबर तक महायज्ञ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में स्थित पाल्हे जतपुरा में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के विराट आयोजन की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

भारत के महान मनीषी संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामीजी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के चातुर्मास्य व्रत के उपलक्ष्य में और उनके पावन सानिध्य में दिनांक 23 अक्टूबर 2023 से 28 अक्टूबर 2023 तक श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का विराट आयोजन होगा। श्रद्धा, भक्ति और आस्था रुपी त्रिवेणी में लगने वाले महाकुंभ जैसे इस विराट और ऐतिहासिक आयोजन में देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु भक्तों के शामिल होने का अनुमान है। वरिष्ठ पत्रकार सह समिति के लेखा प्रभारी धीरेंद्र चौबे ने इस विषय में विधिवत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महायज्ञ का श्रीगणेश 23 अक्टूबर सोमवार को भव्य शोभायात्रा(जलयात्रा) के साथ होगा। शोभायात्रा यात्रा के दौरान हेलिकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा। 27 अक्टूबर को होगा अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन महायज्ञ की पूणार्हूति 28 अक्टूबर को होगी। 27 अक्टूबर को अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया है। धर्म सम्मेलन में अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, काशी के साथ साथ दक्षिण में कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू, बंगाल और राजस्थान, गुजरात समेत देश भर के महान संत और धमार्चार्य हिस्सा लेंगे।





**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**
(जिला विकास शाखा)

**Notice inviting Tender No. 01/2023-24**

DMFT (District Mineral Foundation Trust) मद से कोडरमा जिलान्तर्गत मडुवा प्रसंस्करण इकाई एवं आलू चिप्स प्रसंस्करण इकाई की मशीन के क्रय हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म से विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फर्म **दिनांक 08.11.2023 के मध्याह्न 12:00 बजे तक** संलग्न शर्तो के अनुरुप मुहरबंद निविदा जिला विकास शाखा कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त निविदा को दिनांक **08.11.2023 के अपराह्न 04:00** बजे जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्ते, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला विकास शाखा कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, कोडरमा।
PR 309674 (Rural Development) 23-24 (D)



**Jharkhand Education Project Council**
**JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004**
Phone :0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

**E-Tender Notice** Tender No:QU/40/15/2023/4082

JEPC, Ranchi invites E-Bids from qualified entities in the field of **Selection of an agency for Installation, Operation and Maintenance of Science, Technology, Engineering and Math Labs, including furniture, charts, manual and videos as well as AMC and Manpower in the selected 100 Government Schools and Installation of Science, Technology, Engineering and Math Labs in 150 Government Schools in the state of Jharkhand.** Bidders can download bid documents from website https://jharkhandtenders.gov.in from 25.10.2023 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 23.11.2023 up to 06:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 30.10.2023 at 04.30 PM.

Sd/-
(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director
PR 309760 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**

अल्पकालीन निविदा आमांत्रण
निविदा संख्या :– JEPC/HZB ज्ञपांक 1412 दिनांक 20.10.2023

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, बानाहप्पा हजारीबाग, झारखण्ड में वर्ष 2023–24 में खाद्य सामग्री, पोषाक, स्टेशनरी, उपस्कर एवं दैनिक उपयोग की वस्तुऐं एवं अन्य सामग्री के लिए निविदा आमांत्रित किया जाता है। विवरणी निम्नांकित है :–

01 झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रॉची के पत्रांक 3111 दिनांक **29.11.2022** के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय बानाहप्पा के लिए वितीय वर्ष 2023–24 में अलग–अलग कुल 4 पैकेज में यथा पैकेज संख्या 1– खादय पदार्थ, पैकेज संख्या 2–हरी सब्जी ,मछली,चिकेन दुध पनीर, इत्यादी पैकेज संख्या–3 पोषाक उवं अन्य बस्त्र एवं पैकेज संख्या– 4 स्टेशनरी इत्यादी के लिए निविदादाताओ से अलग – अलग पैकेज मे सील बन्द निविदा आमांत्रित किया जाता है।

02 प्रकाशित किये जाने वाले निविदा जिले में संचालित नेताजी सुभास चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय बानाहप्पा के लिए होंगें तथा उपरोक्त चार पैकेज में विभक्त होंगें।

03 निविदा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय बानाहप्पा के लिए अलग–अलग पैकेज में आमंत्रित कि जा रही है। किसी भी परिस्थिति में एक ही निविदादाता को सभी पैकेजो के लिए कार्यादेश निर्गत नही किया जाऐगा।

04 इच्छुक संभावित निविदादाता झारखंड शिक्षा परियोजना के कार्यालय से निविदा के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

05 पूर्ण निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए रूपये **500/-** ( पॉच सौ ) रूपये मात्र का बैंक ड्राफट प्रति पैकेज , समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग, के नाम से जमा करना होगा जो हजारीबाग में भुगतेय होगा । निविदा प्रपत्र के लिए जमा बैंक ड्राफट अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

06 निविदा प्रपत्र झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग, से दिनांक 06.11.23 तक प्राप्त कर सकते है एवं दिनांक 07.11.23 के संध्या 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से या हाथो हाथ जमा कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.11.23 को अपराहन 3:00 बजे कय समिति के समक्ष तकनीकि निविदा खोली जाएगी। तकनीकि निविदा खोलने के उपरान्त, तकनीकि निविदा पूर्ण करने वाले निविदादाता का वितीय निविदा खोला जाऐगा। निविदा के साथ किसी भी बैंक का बैंक ड्रापट पैकेज के अनुरूप अग्रधन की राशि जमा करना अनिवार्य होगा जो **समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग** (Samagra Shiksha Abhiyan Hazaribagh) के नाम से देय होगा जो Payable at Hazaribagh होगा।

07 यदि निविदा खोलने की बैठक की तिथि में किसी अपरिहार्य कारण से परिवर्तन करना हो तो उसकी सूचना जिला कार्यालय द्वारा सूचना पट पर अंकित कर दी जायेगी। निविदादाता भी निविदा खुलने के एक दिन पूर्व स्वयं भी झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, हजारीबाग से जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस हेतु कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

08 निविदादाता या प्राधिकृत प्रतिनिधि लिखित रूप से निविदा खुलने के समय बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें। निविदादाता की अनुपस्थिति में भी उपस्थिति मानते हुए जिला क्रय समिति द्वारा निविदा प्रपत्र खोला जा सकता है।

09 निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद से संबधति निर्णय संबंधित जिला हजारीबाग के व्यवहार न्यायालय के अधीन होगा।

10 जिला शिक्षा अधीक्षक–सह– अपर जिला कार्यक्म पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग को किसी भी समय प्रकाशित निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।

11 निविदादाताओं के लिए आवश्यक निदेश का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य है।

हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अध्यक्ष, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय
हजारीबाग
PR309773 (School Education and Literacy)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## अलग-अलग विभाग के अधिकारियों-पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# स्कूली बच्चों का आधार पंजीकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंडों में यूआइडी किट को एक्टिवेट कर शीघ्र पंजीकरण कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्यालयों के बच्चों का आधार पंजीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी की ओर से बताया गया कि खूंटी जिले में आधार बनाने के लिए विभिन्न आधार रजिस्टर द्वारा कुल 57 आधार केंद्र संचालित हैं। जिसमें सभी नागरिकों का आधार पंजीकरण, अद्यतन आदि कार्य किए जाते हैं। इस पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिक्षा विभाग, बैंक और जिला समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध आधार किट को संचालित करते हुए आधार पंजीकरण के कार्य में तेजी लाया जाए। उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि पंचायतवार आधार अपडेट करने के लिए शिविर का आयोजन करें। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में रोस्टर वार कैंप लगाए जाएं। उन्होंने सभी आधार रजिस्ट्रार द्वारा सभी सक्रिय आधार केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। जिला सूचना पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र की स्थापना करना सुनिश्चित करें। डीसी ने भारत नेट प्रोजेक्ट व झारनेट सेवा एवं झारभूमि सेवा को 31 अक्टूबर तक प्रखंडों में सक्रिय करने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीणों को यथोचित लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्रों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी वीएलई को संबंधित पंचायत भवन में रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। फोटो

## बधशालाओं का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी : लोकेश मिश्र

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक हुई। डीसी ने कहा कि जिले में पशुओं पर होनेवाले अत्याचार एवं क्रूरता को रोकने के लिए आमजनों को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिले के बधशालाओं का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कहा कि पशुओं की पहचान के लिए उनकी टैगिंग कराये। बैठक में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के उपाध्यक्ष, एसपी अमन कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी कुलदीप मीणा, जिला पशु पालन और जिला परिवहन पदाधिकारी आदि थे।


समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी आलोक मिश्र।

### पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा क्रियान्वित योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। डीसी ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के उचित क्रियान्वयन से पशुपालकों को लाभावित करने का हरसंभव प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि बकरी पालन, सुकर पालन, कुक्कुट पालन, बत्तक चूजा वितरण की योजना के तहत लोगों को लाभ प्राप्त करने के लिए उन्हें जागरूक किया जाय। किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना काफी महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य है कि सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## तमाड़, बुंडू व मुरी-सिल्ली में दुर्गापूजा पंडालों के पट खुलते ही उमड़ी भीड़













**कैमरे की नजर में तमाड़ में आयोजित दुर्गापूजा पंडाल :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सलगाडीह, राइडीह मोड़, तमाड राइडीह ब्लाक मोड़, कोठारी बंधु चौक का भव्य पूजा पंडाल, मोदीडीह तमाड़ का भव्य पूजा पंडाल, भव्य तरीके से लाइटिंग के साथ सजाया गया है। उधर, बुंडू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार के शाम कई पंडालों के पट खुल गए। भक्तों की भीड़ मां के दर्शन के लिए पुजा पंडालों में उमड़ने लगी है।

## गांव में एकता तोड़नेवालों से रहें सावधान : सुदेश महतो

**विधायक ने बुसुडीह गांव में किया ट्रांसफार्मर उद्घाटन व पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को प्रखंड के लांदूपडीह पंचायत के बुसुडीह गांव के नीचे टोला में 100 केवी का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन एवं 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक निधि से पीसीसी सड़क का निर्माण किया जायेगा। विधायक ने कहा कि पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम किये जा रहे है। प्रयास है कि जेनरेशन ग्रोथ हो। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निःशुल्क कोंचिंग, निःशुल्क बस सेवा, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम हो रहा है। गांव में एकजुटता बनाये रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांव की एकता को तोड़ने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, विद्युत विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कुमार, अनिल सिंह मुंडा, सुनील सिंह, संजय महतो, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, ललन महतो, मोतीलाल महतो और रघुनाथ महतो आदि मौजूद थे।



## निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है : मिथिलेश

**श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में निवर्तमानन बीडीओ को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह को विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने की। बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। छात्र जीवन में असफलताओं से घबराना नहीं है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहानी के माध्यम से सफल इंसान बनने के गुण बताए। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कोचिंग में बिताए पलों को साझा किया और सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। फिर भी किसी के साथ जब भावनात्मक रूप से जुड़ जाएं, तो मन उदास होता है। बीडीओ का तबादला किसी परिवार के सदस्य का नौकरी के लिए दूर जाने जैसा है। उधर, डॉ डीएन तिवारी ने कहा कि पदाधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है, पर कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं, जो अपने कार्य की बदौलत छाप छोड़ते हैं। थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू, स्पेशल ब्रांच के अजय कुमार और समाजसेवी सुरेश प्रसाद ने भी बीडीओ के अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने पिपरवार के कई पूजा पंडालों का किया दर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का दौरा किया। विधायक कार्यकर्ताओं के साथ बचरा, हेंदेगीर और बुंडू दुगार्पूजा पंडाल सहित क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया। बचरा दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचने पर उन्होंने नवरात्र के षष्टी की विधिवत पूजा की और क्षेत्र के सुख शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी के दरबार में सुख शांति और खुशहाली मिलती है। उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, मंगल सिंह, सुभाष साहू, अनिल सोनी, राजकिशोर राम, भीम प्रसाद मेहता, उमेश यादव, संतोष यादव, बंसत गुप्ता, संजय ठाकुर, पिंकी सिंह, रामू गोप, रवि भारद्वाज आदि थे।

## तोरपा विधायक ने किया कन्या पूजन, कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# हमारी सांस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधानसभा के गोविंदपुर मंडल के डेहकेला स्कूल मैदान में शुक्रवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा और उनकी पत्नी मोनिका मुंडा शामिल हुई। इस दौरान आसपास के 201 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया। अपने संबोधन में विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए इस तरह का आयोजन करते रहना चाहिए। हमारी सांस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। नारी को शक्ति का रूप माना गया है। इधर, विधायक ने शुक्रवार को ही जम्हार गोविंन्दपुर रोड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। साथ ही कैंची मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। इस क्षेत्र में उनकी प्रतिमा स्थापित करने से लोगों में उत्साह का संचार होगा। नागड़ा से लापा तक नवनिर्मित रोड सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सीमा देवी, मुसाफिर विश्वकर्मा, गजेंद्र सिंह, प्रेम कुमार, श्याम सोनी, संजय भगत आदि मौजूद उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीसीएल सीएमडी ने एनके एरिया में कोयला खदान का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के सीएमडी वी वीरा रेड्डी ने शुक्रवार को एनके एरिया का दौरा किया। सीएमडी सबसे पहले डकरा वीआइपी क्लब पहुंचे जहां उन्होंने परियोजना पदाधिकारी के साथ बैठक कर तीन महीने के कोयला उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा की। जिसके बाद सीएमडी पूरनाडीह परियोजना पहुंचे और वहां की खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान कोयला उत्पादन समेत जमीन संबंधित मामलों पर हो रही कार्रवाई की जानकारी परियोजना पदाधिकारी से ली। जिसके बाद सीएमडी केडीएच परियोजना पहुंचे और कोयला उत्पादन को देखा। परियोजना पदाधिकारी से अन्य मामलों की भी जानकारी ली। जिसके बाद परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने जमीन संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि यदि जल्द जमीन नहीं मिलेगी तो कोयला उत्पादन प्रभावित होगा। जिसके बाद सीएमडी वी वीरा रेड्डी ने जामुन दोहर और विश्रामपुर पंचायत के करकट्टा और बंद पड़ी आग लगी खदान का भी निरीक्षण किया। सीएमडी ने रांची डीसी से मिलकर यहां के लंबित मामलों पर जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रभारी महाप्रबंधक नरेश सिंह राणा, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, एरिया सेल्स मैनेजर प्रहलाद मीणा आदि मौजूद थे।

### रैयतों के नौकरी मुआवजा को लेकर खलारी अंचल में हुई त्रिपक्षीय बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचल कार्यालय में सीओ शिशुपाल आर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को खलारी अंचल अंतर्गत पिपरवार रेलवे लाइन के लिए अधिग्रहित भूमि से संबंधित रैयतों के साथ एक बैठक की। जिसमें पिपरवार एजीएम निरंजन सेनापति और पिपरवार फेज वन के रैयत उपस्थित थे। बैठक में रैयतों ने पिपरवार रेल साइडिंग लाइन हेतू अधिग्रहित जमीन के बदले मिलने वाले नौकरी मुआवजा में हो देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की। कहा कि बार-बार आश्वासन देकर उनकी नौकरी-मुआवजा संबंधित मामले पर कोई ठोस पहल नहीं हो पाता है। वही, खलारी अंचल एवं सीसीएल प्रबंधक के अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को जल्द समाधान करने का भरोसा दिया। साथ ही अंचल प्रबंधक एवं अपर समाहर्ता के साथ 31 अक्टूबर को बैठक कर रैयतों का समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा का अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, हेमलाल गंझू, रतिया गंझू, राधेश्याम प्रसाद, कृष्णा भोगता, सुनिल मुण्डा ताहिर अंसीरी, फिरोज खान, सुकरा गंझू और भरत महतो आदि मौजूद थे।

### तमाड़ में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आदिवासी लोहरा समाज की बैठक तमाड़ प्रखंड परिसर में शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता छोटू लोहरा ने की। बैठक में विशेष रूप से लोहरा अस्तित्व बचाओ रैली को लेकर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होने वाली वार्ता पर विशेष चर्चा की गयी। लगे हाथ रैली के लिए सभा स्थल पर भारी भीड़ लेकर जाने की अपील की गयी। इस मौके पर आदिवासी लोहरा समाज के कंद्रीय समिति के अध्यक्ष ढुमा तिर्की, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा और कांके प्रखंड संरक्षक महादेव लोहरा आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार करें और आत्मनिर्भर बनें : संजीव कुमार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन बीओआइ रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने किया। नवनिर्मित लैब में 15 कंप्यूटर लगाए गए हैं, जिससे आनेवाले दिनों में आरसेटी खूंटी में प्रशिक्षण लेनेवाले सभी ग्रामीण प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही 10 दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण का इस दिन समापन हो गया। प्रशिक्षण में खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से 35 प्रतिभागियों ने सुकर पालन की विस्तृत जानकारी ली। प्रशिक्षक निकोलस बरजो ने सूकर पालन के साथ-साथ समेकित खेती और उससे होनेवाले लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह में बीओआइ रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी 35 उतीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिये गये। साथ ही 13 प्रतिभागियो को बैंक ऑफ इंडिया मुरहू शाखा से तत्काल ऋण की सुविधा दी गयी। बाकि लोगों का ऋण आवेदन संबंधित शाखाओ में तत्काल निष्पादन के लिए भेज दिया गया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण, वाहन ऋण, शैक्षणिक ऋण, अटल पेंशन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा योजना के साथ ही पीएमइजीपी आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षुओं को बताया कि कैसे वे बैंक से वित्तीय सहायता लेकर स्वयं मेंहनत करके, वैज्ञानिक विधि से खेती करते हुए अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते है और गरीबी को मिटा सकते है। वहीं, आरसेटी के निदेशक मिथिलेश कुमार ने आरसेटी के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि कैसे खूंटी के ग्रामीण क्षेत्रों के 18 से 25 साल के युवक-युवतियों आरसेटी से मुफ्त प्रशिक्षण लेकर अपना स्वरोजगार कर गरीबी से छुटकारा पा सकते हैं। आरसेटी में रहना, खाना, प्रशिक्षण सब कुछ नि:शुल्क है। निदेशक ने बताया कि जल्द ही आरसेटी खूंटी में कृषि उद्द्यमी और बैंक शखी मित्र के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### आजसू महासचिव ने किया कई पूजा पंडालों का दौरा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय महासचिव और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का दौरा किया। वे इस दिन बचरा दुगार्पूजा पंडाल पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बचरा दुगार्पूजा पंडाल में पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड में मनाये जाने वाले पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। पूर्वजों से चलते आ रहे सभी त्योहार को वर्तमान में काफी उत्साह के साथ मनाते हुए इसे आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर आजसू के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक, भीम सिंह यादव, मोहन महतो, अर्जुन महतो, नरेश महतो, राजेश महतो, अशोक कुमार रवि, आदेश महतो, प्रमोद प्रजापति, गणेश महतो, उमेश मेहता, उगन महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड सेवा रत्न अवार्ड 2023 समारोह का भव्य आयोजन संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** विश्व सेवा परिषद और एनएसएस रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के लीगल स्टडी सभागार में झारखंड सेवा रत्न अवार्ड 2023 और समाज सेवा रत्न अवार्ड 2023 का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यरूप से रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ जी, पूर्व मंत्री व रांची के लोकप्रिय विधायक सी.पी सिंह, रांची के पूर्व महापौर सह भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा जी, संस्कृति कर्मी पद्मश्री मधु मंसूरी जी, रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ.त्रिवेणी नाथ साहु जी, परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ बी.बी. राज,परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुबास साहु, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज जी, परिषद के कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार दैवज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज सेठ जी, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रूप लक्ष्मी मुंडा, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा ने संयुक्तरूप से कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। विश्व सेवा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ बी बी राजने स्वागत भाषण देते हुए कहे कि यह विश्व सेवा परिषद आज एक बट वृक्ष बन चुकी है, जो ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर से होते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना पैर फैला चुकी है, अपना पहचान बना चुकी है, आप सबों के सहयोग व मार्गदर्शन का सदा अपेक्षित रहता है यह समारोह राज्य, राष्ट्रीय वअंतरराष्ट्रीय तीनों स्तर का अवार्ड समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष करता है। इस राज्य स्तरीय अवार्ड समारोह में विभिन्न समाजिक क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन स्वरूप शॉल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिससे समाजसेवी लोगों में और दुगुनी प्रेरणा जग सके। मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ ने सभी अवार्डियो को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहे कि समाजसेवा करना एक पुण्य का काम है, विश्व सेवा परिषद समाजसेवियों को चुन चुन कर सम्मानित करने का कार्य कर रहा है, समाज में उनको एक पहचान देने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रांची के पूर्व मंत्री व लोकप्रिय विधायक सी.पी.सिंह ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहे कि विश्व सेवा परिषद समाजसेवियों को सम्मानित कर खुद भी विकासोन्मुखी व सेवाकार्य करता रहा है। विशिष्ट अतिथि राँची के पूर्व महापौर डॉ आशा लकड़ा ने नवरात्रि की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी अवार्डियो को और दुगुनी उत्साह के साथ समाजसेवा का कार्य करने की बात कही, इससे प्रेरणा मिलता है और जब समाज में किसी को सम्मान मिलता है तो औरों को भी इससे प्रेरणा मिलता है। समाजसेवा करते रहने वालों को जमीनी स्तर के समाजसेवियों को मोदी जी भी कई माध्यमों से सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जी ने और झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी.एन.साहु ने भी अवार्डियो को सम्बोधित करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दिए। परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज सेठ जी और कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार देवज्ञ, श्रीमती रूप लक्ष्मी मुंडा जी ने भी सम्बोधन किये। अवार्ड समारोह की अध्यक्षता परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुबास साहु ने किया, परिषद समाजसेवियों को एक प्लेटफॉर्म देने का कार्य करती है जिससे अवार्डियो को एक पहचान मिलता है। मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो जी अपरिहार्य कारण से उपस्थित नही हो सके लेकिन अपनी शुभकामना संदेश हमें लिख कर प्रेषित किये और परिषद को शुभकामनाएं दिए हैं। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो (डॉ)अजित कुमार सिन्हा सर ने भी विश्वविद्यालय में त्यौहार को देखते हुए व्यस्त रहे लेकिन उनकी भी सहयोग, मार्गदर्शन व शुभकामनाएं प्राप्त हुई। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार जी का भी मार्गदर्शन व अहम सहयोग प्राप्त हुआ। मनीष बरवार की सांस्कृतिक टीम द्वारा झारखंडी गीत एवं नृत्य से सभी अतिथियों एवं दर्शकों का जोरदार स्वागत हुआ।

## अवार्ड सम्मिलित होनेवाले अवार्डियों का नाम

**प्रोफेसर श्रीकांत पाल वैज्ञानिक बीआईटी मिश्रा रांची इन्हें विज्ञान सेवा सम्मान, डॉक्टर अभिषेक सिंह, नेत्र विशेषज्ञ, चिकित्सा सेवा क्षेत्र, मोहम्मद गौश आलम (शिक्षक) शिक्षक सेवा, सुजीत कुमार केसरी, पत्रकार पत्रकारिता सेवा, विपिन कुमार,प्रतियोगी शिक्षा प्रबंधन,प्रतियोगी शिक्षा, मनीष बरवार, गायन, नृत्य एवं सांस्कृतिक सेवा के क्षेत्र में नवाजे गये। समाज सेवा सम्मान,सोमा उरांव,02,श्रवण गोप,परशुराम महतो,वंदना कुमारी, लाखों उरांव, नूतन पहान, बबली कुमारी, लक्ष्मी देवी, मधु साहू, पंकज मिश्रा, चेतन प्रसाद ठाकुर, संजय नायक, दीपक दास, कुमार रोमा, सुमित्रा देवी, निधि कुमारी, विशाल कुमार सिंह, दाढ़ी उरांव,अनिल कुमार महतो, मुन्नी देवी, राजकुमार महतो, जयमंगल उरांव, सीताराम महतो, नमित हेमरोम, सूरज नायक, साधु लाल मुंडा, जगन्नाथ महतो, डॉ हेमलाल मेहता हेमू, राजेश कुमार साहू, तारारून खातून, मोहम्मद सदाक,छोटू टोप्पो, कमल मुंडा को समाज सेवा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में परिषद के मुख्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे जैकी रजक, सदीप कुमार, देवपूजन ठाकुर, युगेश प्रजापति, संतोष उरांव, प्रदीप बैठा, विशाल कुमार साहु, विशाल बैठा, वरुण बैठा, संदीप कुमार, अरुण, यशवंत जी, रिंकू जी, इत्यादि।**

## हंगरी बड्र्स में महिलाओं ने जमकर किया गरबा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की ओर से एक शाम डांडिया के नाम कार्यक्रम का आयोजन नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित हंगरी बर्डस में किया गया। क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यहां महिलाओं ने डीजे पर जमकर गरबा खेला। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, दीपा श्रीवास्तव, तंद्रा मुखर्जी, संध्या चौधरी, सरिता नायर, सरिता पांडे, कुसूम देवी, मधु शर्मा, शोभा राय, नेनी, उषा देवी, तान्या, पिंकी, आभा, वरुणा, कल्पना, सुनीता, शारदा, स्मिता, प्रिया, रुपा, रीना, इंदू, डिपल, किरण, रम्भा के साथ कई महिलाएं उपस्थित थी।

## विधायक और एसपी ने किया पंडाल का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नामकुम रेलवे स्टेशन के पूजा पंडाल का उद्घाटन शुक्रवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, नामकुम समाजसेवी राजकिशोर यादव एवं नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति की कामना की। षष्ठी को विभिन्न पंडाल में ढ़ाक भी बजने शुरू हो गये है। षष्ठी से मां के दर्शन को भक्तों की भीड़ पंडाल में जुटने लगी है। पंडाल के समीप मेला लगा हुआ है। बाजारों में रौनक है। कमेटी के सदस्य पूजा व्यवस्था की कमान संभाल रहे है। चाइनिज बल्ब, कलरफुल बल्ब से पंडालों में रोशनी की गयी है। पूजा पंडाल के उद्घाटन पर मुख्य संरक्षक अजय सिंह, संरक्षक रमेश पांडेय, अध्यक्ष मनीष राय, सचिव राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष मुन्ना यादव, सुदेश्वर राय, अन्नी यादव, निर्भय मिश्रा, शत्रुघन यादव, मुन्ना पांडे, दीपक सिंह, दिलीप यादव, चंदन यादव, रंजीत यादव, उज्जवल सिंह, बबन यादव, वासुदेव, सुनील, मुकेश, अभिषेख, चंदन, शलेंद्र, गुड्डू, सूरज, विजय, पवन, मोहन, पुनंजय, दरवेश्वर, अंशू, राधे, गजेदर, गोलु, रामगुल्लु, धर्मवीर, शशि, मोनु, रणबीर, रोहित, विजय, केशव, आनंद, विशाल, पवन, राहुल के साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## 2 करोड़ रंगदारी मांगनेवाला आरोपी गिरफ्तार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के बिल्डर शलीम खान से दो करोड़ रंगदारी मांगनेवाला मुख्य आरोपी पुनदाग निवासी छोटन उर्फ इरफान पकड़ा गया। छोटन खान विभिन्न थानों में दर्जनों मामला का आरोपी है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली बरामद किया गया है। नामकुम थाना में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी छोटन खान मौलाना आजाद कॉलोनी लोवाडीह स्थित बिल्डर शलीम खान के घर पर पहुंच कर छोटन व रिजु 10 अक्टूबर को हथियार का भय दिखाते हुये दो करोड़ रुपए की मांग की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उक्त मामले में रिजवान अंसारी उर्फ रिजु को 17 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। छोटन खान को नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक स्थित हाईटेंशन मैदान से देशी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ पकड़ा गया। मामले में आरोपी से पूछताछ के दौरान रंगदारी मांगने की बात स्वीकार किया है। मामले का उद्वेदन करने में नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी, एएसआई चंद्रनाथ उरांव, पिंटू पासवान सहित अन्य दल शामिल थे।

## बेड़ो के पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन



**बेड़ो।** शारदीय नवरात्री के षष्ठी पूजा के दिन शुक्रवार को श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में दुर्गा बाड़ी में बनी मां दुर्गा के भव्य पंडाल का शुभ उद्घाटन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो,सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत,धनंजय कुमार राय हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डा प्रवीण चंद्र जिप सदस्य पार्वती कुमारी बीडीओ सह सीओ सुमंत तिर्की मुखिया सुशांति भगत दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष साधन राय, सौमित्र शर्मा ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया। जहां मां दुर्गा की बनी भव्य पंडाल में स्थापित प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं पुजारी सुबल चंद देवघरिया, की अगुवाई में यजमान मनोरंजन देवघरिया व गौतम देवघरिया ने बेल वृक्ष के नीचे देवी का आमंत्रण पूजा पंचोपचार विधि से किया।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति हुआ घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी सिकिदिरी पथ पर ईद मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात 7:45 बजे की है।जानकारी के अनुसार ईद मोड़ निवासी राजेंद्र साहू पिता स्व तिलक साहू ईद मोड़ के पास से पैदल घर जा रहा था।उसी क्रम में नशे में धूत बाइक सवार ने राजेंद्र साहू को अपने चपेट में लिया। जिससे अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया है। जिसका स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मौके पर सिकिदिरी पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को वेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# विद्यालय और बच्चों के लिए वरदान साबित होगी पोषण वाटिका : सुमन तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ सुमन तिर्की की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग और एमडीएम स्टीयरिंग कमिटी की एक अहम बैठक हुई। बैठक में कई विद्यालयों में चयनित पोषण वाटिका और एमडीएम पर चर्चा की गयी। मौके पर सुमंत तिर्की ने कहा कि पोषण वाटिका की योजना विद्यालयों व बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। इस योजना के तहत विद्यालय परिसर में मौसम के अनुसार सब्जियां उगाकर बच्चों को बेहतर तरीके से पोषित किया जा सकता है। वही बच्चों को कृषि की आधुनिक तरीके की जानकारी भी विद्यालय परिसर में दी जाएगी। उन्होंने मध्यान भोजन पर चर्चा करते हुए कहा की बच्चों के शारीरिक विकास में मध्यान भोजन जरूरी है। शारीरिक विकास पर ही मानसिक विकास निर्भर करता है। इसलिए यह जरूरी है कि मध्यान भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर किया जाए ताकि बच्चों को बेहतर पोषण और संपूर्ण विकास को बढ़ाया जा सके। सरकार के निर्देश अनुसार बीडीओ ने बच्चों को रागी मड़ुआ का लड्डू सप्ताह में एक दिन देने का निर्देश दिया। वही प्रखंड के 11 विद्यालयों का चयन पोषण वाटिका का योजना के लिए किया गया। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरी व स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों ने एमडीएम शिक्षा पद्धति को बेहतर बनाने के संबंध में अपने विचार रखें।

बैठक में बीपीओ संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एमडीएम ऑपरेटर सच्चिदानंद सहदेव, एमडीएम प्रभारी सुशांत मिश्रा, शिक्षा विभाग के बीपीओ, कन्या अभियंता संजय, विशु, सुशीला, मिलन, सोनी, नीलम सिंह, विवेक साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में ओबर हड़राबेड़ा बना चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददता

**सिकिदिरी।** भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र नवागढ़ के द्वारा भगिनी निवेदिता के जन्म उत्सव के अवसर पर रंगामाटी बरवाटोली फुटबॉल मैदान में एक दिवसीय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैंच का शुभारंभ नावागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, विवेकानन्द सेवा केन्द्र बरवाटोली के अध्यक्ष संतोष बेदिया, और भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र के सचिव पार्वती कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मैच में महुवा टुंगरी, रंगामाटी बरवाटोली, भोगना बेड़ा, नवागढ़ खक्सी टोली, नवागढ़ नयातु एवं ओबर हड़राबेड़ा के कुल छः टीमों ने भाग लिया। इस टुर्नामेंट का फाईनल मैच ओबर हड़राबेड़ा और भोगना बेड़ा के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों, के बीच रोमांचक मुकाबले में ओबर हड़राबेड़ा ने 2-0 गोल से विजय हासिल की।

विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 8 किलो मुर्गा एवं द्वितीय पुरस्कार 6 किलो मुर्गा दिया गाया। इसके अलावा विजय रहे ये टीमों को दिनांक 28 अक्टूबर को नवागढ़ खक्सी टोली में होने वाले भगिनी निवेदिता जन्म उत्सव कार्यक्रम में शील्ड, कप, जर्सी एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जायेगा।

## अनगड़ा: दुर्गा पूजा का त्योहार मातम में बदला, कुएं में डूब कर मां-बेटे की मौत




आजाद सिपाही संवाददता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के मासु गांव में दुर्गा पूजा का त्योहार उस वक्त मातम में बदल गया जब शुक्रवार की शाम कुंए में डुबकर एक साथ मां-बेटे की दुखद मौत की खबर परिजनों और गांव वालों को मिली। बताया गया कि राजेन्द्र मुण्डा की पत्नी पिंकी देवी (30 वर्ष) अपने दस वर्षीय दिव्यांग पुत्र अनुराग मुण्डा के साथ खेत में लगे मिर्चा के पौधों में पानी डालने के लिए कुंए से पानी निकाल रही थी। इसी दौरान कुंए के उपर रखा गया बांस-बल्ली टूट गया और वह असंतुलित होकर कुंए में डुब गई। मां को डुबता देख पुत्र अनुराग भी बचाने के क्रम में कुंआ में डूब गया। मौके पर हीं दोनों मां-बेटे की एक साथ मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों शव को कुंए से बाहर निकलवाया तथा पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर घटना की खबर सुनते हीं गांव में मातम छा गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बेलवरण पूजा के साथ खुले पूजा पंडालों के पट, माता कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गयी




आजाद सिपाही संवाददता

**कांके।** माता कात्यायनी की पूजा के साथ ही कांके में शुक्रवार शाम को पूजा पंडालों के पट खोल दिए गए। वही वैदिक मंत्रोंच्यार के बीच पुरोहितों ने माता कत्यायनी की पूजा अर्चना की। माता अंबे पूजा पंडालों में विराज चुकी है। माता के भक्तों ने पंडालों में जाकर मां दुर्गा के दर्शन किए और मां से कामना की माता भक्तों के जीवन में सुख शांति और समृद्धि दे। और सभी के जीवन में खुशियां आएं। शनिवार सुबह में नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की विधिवत आराधना व पूजा भक्तों द्वारा की जायेगी। कांके लक्ष्मण चौक स्थित श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा रिनपास स्थित बेलवृक्ष में वेलवरण पूजा वैदिक मंत्रोचार पूजा अर्चना के बाद इसे स्थापित किया। सुबह और शाम में ढाक बाजे, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता की पूजा अर्चना कर आरती गाई गई व पुष्पांजलि दी गई। इस बार भव्य व आकर्षक ऊंची मां की मूर्तियां स्थापित की गई है। पंडालों में आर्कषक कलाकृति भी दिख रही है। माता के भक्त एक-एक कर खड़े होकर माता का दर्शन कर रहे हैं। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके चौक में पूजा पंडाल का उद्घाटन फीता काटकर पत्रकार विजय पाठक व रिनपास के पूर्व निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह ने किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता महेश कुमार मनीष, सुरेश कुमार बैठा, इंदिरा तूरी, पूजा, प्रोफेसर डॉ के एस सेंगर भी शामिल थे। पूजा को सफल बनाने में संस्थापक मदन कुमार, पुरोहित राजेंद्र, मुख्य संरक्षक पंकज, अध्यक्ष अशोक गोप, गौरी, शालिग्राम महतो, रिंकू समिति के पदाधिकारी और सदस्य गण निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जैलेंद्र कुमार ने गेतलसूद दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा पंडाल गेतलसूद का शुक्रवार को उदघाटन किया गया। उदघाटन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व भाजपा रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने की। प्रतिमा का पट शनिवार को खोला जाएगा। इधर अनगड़ा, गोंदलीपोखर, मिलन चौक, जोन्हा, सिकिदिरी, नवागढ़ में शनिवार को प्रतिमा का पट एवं पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। गेतलसूद में पंडाल उद्घाटन के मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, उपमुखिया शंकर बैठा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, पूजा समिति के सचिव संजय, सीताराम, गौरीशंकर, गणेश, राजेश लोहरा उपस्थित थे।

## लिटिल प्ले स्कूल में दुर्गोत्सव मनाया गया



**बेड़ो।** सांई मंदिर रोड स्थित इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल में को दुर्गाउत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रीतम महतो ने दुर्गा पूजा पूजा के आध्यातमीक, सांसारिक एवं सास्कृतिक महत्व से बच्चों को अवगत कराया। इसमें दुर्गा मां के नौ रूपों की भी झलक दिखी। वहीं बच्चों ने नाटक के माध्यम से बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी के बारे में जाना। मौके पर बच्चों के साथ-साथ टीचर्स भी मौजूद रहे। टीचर्स ने भी बच्चों को दशहरा के बारे में बताया कि कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति कुमारी बसंती कुमारी कंचन कुमारी विमला कुमारी हंस गुप्ता संदीप छात्रों में दीपिका कुमारी सृष्टि कुमारी निकिता कुमारी सोनाली कुमारी दीक्षा कुमारी देहाती बच्चन ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेड़ो दुर्गा पूजा पंडाल में चोरी, एक मोबाइल और छह माइक ले गये चोर



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के महादानी मंदिर परिसर स्थित मां संतोषी के मंदिर परिसर में रखे एक मोबाइल, दो माइक व रामचरितमानस पाठ के स्टैंड में लगे चार माइक को चोरों ने चोरी कर लिया। साथ ही चोरी के सामानों को अपने साथ लेकर भागने में सफल रहे। घटना गुरुवार की रात की है। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है। जिसमें बसंत साउंड का साउंड सिस्टम लगा हुआ है। रात में पाठ खत्म होने के बाद ऑपरेटर सोमरा गोप संतोषी मां के मंदिर परिसर में रखे साउंड सिस्टम के समीप सो गया। वहीं सुबह उठकर उसने देखा कि सिस्टम के पास रखे दो माइक व उसका मोबाइल वहां पर नहीं है। इधर रामचरितमानस पाठ में भी स्टैंड में लगे चार माइक नहीं थे। इसके बाद ऑपरेटर ने अपने मालिक बसंत लोहरा और बसंत लोहरा ने घटना की सूचना पूजा समिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय को सूचना दिया।वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष ने इसकी सूचना बेड़ो थाना को दिया।घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सशस्त्र बलों के साथ मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूजा समिति की सूचना पर मौके पर जाकर मुआयना किया है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## गंगोत्री कुजूर ने पंडालों का भ्रमण कर लिया आशीर्वाद





**लापुंग।** लापुंग प्रखण्ड में माता दुर्गा की षष्ठी रूप कात्यायनी की पूजा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने लापुंग के पूजा पंडालो व माता दुर्गा को प्रतिमा पर माथा टेक कर अर्शीवाद लिया। साथ ही पिछड़ी जाति के पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बने जाने पर गंगोत्री कुजूर ने को धन्यबाद दिया। लापुंग के अलावे ककरिया, दोलैचा, दानेकेरा के पूजा पंडालों में माथा टेक कर आशीर्वाद लिए साथ ही डिम्बा के खण्डा महाप्रभु में भी माथा टेककर मांडर विधान सभा क्षेत्र की खुशहाली के लिए माथा टेककर आशीर्वाद लिया। सभी पंडालों का कल महा सप्तमी पूजन के उपरांत पट खुलेंगे। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष दुखहरन सिंह,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नन्दलाल साहू, जितेंद्रपाल सिंह, भाष्कर नन्द मिश्रा, शशि देवी, किश्वर साहू, पूर्व इटकी मंडल अध्यक्ष राजेश्वर महतो के अलावे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थी।

## उमंग : शहर की महिलाओं ने मिस इंडिया व शेफाली जरीवाला के साथ खेला डांडिया

# अब हम भी दूसरे शहरों में कर सकते हैं अपने शहर की तारीफ : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नवरात्र पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से पलामू चेंबर की महिला शाखा की ओर से आयोजित दो दिवसीय डांडिया नाइट का गुरुवार की रात समापन हुआ। मेदिनीनगर शहर के इतिहास में पहली बार मुंबई से आयी कांटा लगा गर्ल से मशहूर अभिनेत्री शेफाली जरीवाला और डांडिया क्वीन कही जाने वाली मिस इंडिया सिमरन आहूजा के साथ शहर की सैकड़ों महिलाओं को डांडिया खेलने का मौका मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अरुणा शंकर ने कहा कि कोरोना के बाद पहली बार अपनी बहनों के चहरे पर इतनी खुशी देख पा रही हूं। अब मुझे लगता है कि मेरा शहर बदल रहा है। अब हम भी अपने शहरों की तारिफ दूसरे शहरों में कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि समाज में पुरुषों के लिए कई कार्यक्रम होते हैं



और बहनें घर में रहती हैं। मैं आगे भी बहनों के लिए इसी तरह के कार्यक्रम लेकर आऊंगी जहां हम



सभी अपनी खुशी का इजहार आपस में मिलकर कर सकें। वहीं, जेएमएम के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहन की। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाज में आपसी सद्भावना बढ़ती है। इसके लिए चेंबर और बहन अरुणा को बधाई के साथी ही नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं देता हूं। वहीं, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि चेंबर की महिला शाखा और आयोजक अरुणा दीदी को शहर की बहनों के लिए इतनी शानदार तरीके से डांडिया नाइट आयोजित करने के लिए बधाई देता हूं। निश्चित हमारा शहर बदल रहा है। वहीं, मंच की अध्यक्षता चेंबर की महिला शाखा की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा और संचालन प्रियंका सिंघानिया ने किया। महिला शाखा की की एग्जीक्यूटिव सदस्य फरहा नाज, ममता सिन्हा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता, प्रियंका, आनंद साहू एवं रेनू शर्मा ने मिलकर इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित किया। जबकि चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर, कृष्ण अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, प्रोजेक्ट के अध्यक्ष अनवर जी, आर्टिस्ट कोऑर्डिनेशन के प्रभारी रिंकू दूबे, फील्ड की व्यवस्था देख रहे प्रेम जयसवाल, व्यवस्था में लगे आलोक माथुर, पुनीत सिंह, विजय ओझा, राजदेव उपाध्याय, रितेश कुमार, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, लड्डू सिंह, संजय भगत, भूपेंद्र सिंह ने संभाले रखा था। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संचालन के लिए टीओपी 2 के थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह व ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे रामजीत सिंह साथ में एसआईएस के जवानों को भी धन्यवाद दिया गया। इस दौरान लोगों ने शहर के चर्चित दिल्ली दरबार के व्यंजनों का भी आनंद उठाया। अरुणा शंकर ने शानदार साउंड के लिए जीवन साउंड डेहरी व शामियाना से फील्ड सजाने के लिए पुतुल को विशेष धन्यवाद दिया।

# किरायेदार नहीं मैं खतिहानी हूं : शशिभूषण मेहता

**पांकी विधायक ने विवाह मंडप का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज नया बाजार एवं पुराना बाजार में दुर्गा मंडप के पास विवाह मंडप का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना करके किया। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किये जा रहे जा रहे हैं। पिछले 15 वर्षों में पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास नाम का कोई काम ही नहीं हुआ। विधायक ने नाम ना लेते हुए पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले का आलम यह था कि जो सिपाही था वही चोर था। पहले से जन प्रतिनिधि विधायक कम और ठेकेदार ज्यादा थे। इसलिए कोई भी विकास का काम गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया गया केवल योजनाओं में लूट खसोट की गई। योजना का 80 प्रतिशत जेब में और 20 प्रतिशत का कार्य महज कराया जाता था। अब लूट खसोट करने के लिए नहीं बन रहा है तो उनके द्वारा आम लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए उल जुलूल बातें लोगों के बीच बोलते चल रहे हैं। पांकी की जनता वंशवाद समाप्त करने का काम



किया है। अब पांकी में बाबू विधायक नहीं हैं। अब पांकी में भईया विधायक हैं। इसीलिए अब डरने की कोई बात नहीं है। उन्होंने शौर्य जागरण रथ के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि शौर्य जागरण रथ यात्रा में नीलांबर पितांबरपुर में पूर्व विधायक अपने साथ मुसलमानों को लेकर आए थे जो की एकदम गलत बात थी और हिंदू धर्म के विपरीत कार्य किया गया था। हिंदू के धार्मिक आयोजनों में मुसलमान का क्या काम है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि हमारे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। उन्होंने कहा कि धर्म के प्रति आप सभी हमेशा सचेत और मजबूत रहे हम आपके साथ हैं। क्योंकि आपने पांकी में मजबूत चौकीदार को विधानसभा भेजने का काम किया है। मैं यहां का किराएदार के रूप में नहीं हूं मैं यहां का खतियानी हूं। उन्होंने कहा कि पुराने ब्लॉक परिसर में भव्य अटल स्मृति हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि किसी भी आयोजन के लिए स्थानीय लोगों को शुर्लभ होगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा मंडप के पास विवाह मंडप बन जाने से स्थानीय लोगों को शादी विवाह करने के लिए निजी मैरेज हॉल में नहीं जाना पड़ेगा तथा दुर्गा पूजा के समय भी पूजा पाठ करने में लोगों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर कमेश यादव, बजरंगी प्रसाद सोनी, छोटेलाल सोनी, संजय सोनी, बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, निर्मल मेहता, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, आनंद कुमार के अलावा पवन सोनी, चंदन सोनी, नीरज कुमार, रौशन गोस्वामी, रमाकांत कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## एनएच-98 किनारे अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई : कामेश्वर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहर के मुख्य मार्ग एनएच 98 किनारे अतिक्रमण कर बाधित करने वालों से निजात पाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया के अध्यक्षता में नप कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान हुई चर्चा में मुख्य सड़क पर बालू, गिट्टी, ईंट और स्टोन डस्ट रख कर अतिक्रमण करने की बातें सामने आई है। साथ ही सड़क पर रखे स्टोन डस्ट के उड़ने से कई समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे लेकर कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर बालू, गिट्टी, ईंट या अन्य सामान रखते हैं तो तत्काल हटा लिया करें। ताकि आपके कारण सड़क पर आवागमन में वाधित न हो और सुचारू रूप से संचालित रहे। साथ ही दंड के भागी से बचे। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने नप अधिकारियों को शहर में निगरानी रखते हुए निर्देश दिया कि मुख्य सड़क पर कोई भी व्यक्ति बालू, गिट्टी, ईंट या अन्य सामान रखता है और उसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है तो जुर्माना लगाते हुए आईपीसी 133 दर्ज कर कार्रवाई करें। बैठक में सीटी मैनेजर अजमल हुसैन, सीएलटीसी संजय राणा, सासंक विचित्रा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## मोबाइल की बुरी लत से बच्चों को रखें दूर



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम झारखंड के अंतर्गत शुक्रवार को शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास जिला एनसीडी सेल पलामू की ओर से मानसिक तनाव एवं अंधविश्वास से बचने के लिए जिला से आए कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। इसके माध्यम से यह बताया गया कि अभी भी गांव देहात में अंधविश्वास व्याप्त है। पढ़े लिखे लोग भी ओझा गुनी और तांत्रिक के जाल में फंस जाते हैं। बीमार पड़ने पर डॉक्टर के पास ना जाकर ओझा गुनी और तांत्रिक के पास जाते हैं और अपनी जान भी गवां देते हैं। नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि कैसे आजकल के बच्चों को मोबाइल की बुरी लत लग चुकी है और वह मानसिक तनाव में आकर गलत कदम उठा रहे हैं। मोबाइल में बैटरी खत्म हो जाए, रिचार्ज खत्म हो जाए, दोस्तों से बात विचार बंद हो जाए, नेटवर्क चला जाए तो आदमी तनाव में आ जाता है। इस प्रकार के मानसिक बीमारी को नमोफोबिया कहा जाता है। इसलिए बच्चों को मोबाइल का आदि ना बनाएं और अंधविश्वास में ना पड़े बीमार होने पर ओझा गुनी के पास ना जाकर डॉक्टर के पास जाए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा वीरेंद्र मेहता समाज सेवी आशीष सिंन्हा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रतिष्ठान का खुलाना प्रगति का प्रतीक : मनोज सिंह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** होटल सुमति टावर एंड रेसिडीसी एंड बराबी क्यू स्टेशन रेस्टोरेंट का उदघाटन शुक्रवार को पूर्व सासंद मनोज कुमार व पूर्व नगर पर्षद उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर पूर्व सासंद ने कहा कि इस तरह का संस्थान खुलना किसी भी इलाके के प्रगति का द्योतक होता है।इसे इलाके के विकास का शुभ संकेत माना जाना चाहिए।पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के संस्थान को खुलना,एकमात्र संस्थान का खुलना नही होता है,बल्कि इससे इलाके की छवि निखरती है।इसलिए कहा जाता है किसी भी शहर को आगे ले जाने में शासन प्रशासन के साथ उद्यमियों का बडा योगदान होता है।इसलिए रह जरूरी है इस तरह के उद्यमियों को प्रोत्साहित करे,ताकि दूसरे लोग भी इससे प्रेरित हो कर आगे आये। उन्होने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से आम जनों को काफी राहत मिलती है।साथ ही बेहतर वातावरण तैयार होता है। उन्होने प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामना दी।मौके पर पूर्व पाटन प्रमुख शोभा देबी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक,नरेंद्र सिंह, जनता शिवरात्रि कालेज के पूर्व प्राचार्य राणा प्रताप सिंह,विनोद उदयपुरी केसरी सिंह राकेश शुक्ल उपेंद्र सिंह आदि मौजूद थें।

# मानवीय भूलों के कारण वन्यप्राणी भोजन के लिए सड़कों पर भटकने को मजबूर : कौशल

**पर्यावरणविद ने षष्ठी को पर्यावरण धर्म के तहत वन प्राणियों को कराया भोजन**

**कहा- नवरात्र में शक्ति स्वरूपा कन्याओं की पूजा करने से मिलती है सुख-शांति व समृद्धि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने लातेहार के पतकी वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलहार भोजन कराया। उन्होंने कहा कि नवरात्र के छठे दिन पर्यावरण धर्म के छठा मूल मंत्र के तहत छह दिनों से चल रहा प्रकृति कलश यात्रा के तहत वन प्राणियों को फलहार भोजन करा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मानवीय भूलो के कारण वन प्राणियों का जहां बसेरा था वहां आज मानव का बसेरा हो गया है। जिससे वन प्राणी आज



सड़क पर भूख मिटाने के लिए भीख मांगने पर विवश हो गए हैं। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में भी अमन चैन व शांति कायम रहेगी।इस अवसर पर सत्य सिंह एवं संतोष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## दशहरा को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**नीलांबर पितांबरपुर /पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने शांतिपूर्ण माहौल में दशहरा पर्व संपन्न कराने को लेकर कमर कस लिया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया, जो गांधी चौक होते हुए गोपालगंज ढेला कुराइनपतरा क्षेत्र तक का भ्रमण किया। साथ ही कई पूजा पंडालों में पूजा समिति के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि फ्लैग मार्च दुगार्पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर लोगों को आश्वस्त करने को लेकर था। साथ ही असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की चेतावनी भी दी गयी। फ्लैग मार्च में एस बरला, अभय त्रिपाठी, महावीर साहू, रंजीत कुमार, राजीव कुमार, अरुण बाउरी सहित दर्जनों जवान मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मानवीय मूल्यों को आत्मसात करके मानव कल्याण के लिए समर्पित करें : आचार्य धर्मराज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 43वें रामचरितमानस परायण महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार से शहर गूंज रहा है। मानस नगरी रजवरिया से आए आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में जारी महायज्ञ में मुख्य यजमान राजेश सिंह व उनकी पत्नी जुली सिंह, सहायक पाठ कर्ता के रूप में सौरभ पांडेय, नवनित मिश्रा, संजय पाठक, रविंद्र मिश्रा, पियूष मिश्रा, शिवम पांडेय शामिल हैं। संध्या आरती में आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि आज विश्व स्तर पर आपसी प्रेम व समन्वय का ह्रास हुआ है। मानवीय मूल्यों को जीवित रखने की जरूरत है। हम सभी को मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर मानव जीवन के कल्याण के लिये समर्पित होना होगा। मौजूदा दौर में मानवीय संवेदनाओं को बरकरार रखने की जरूरत है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी गोपाल पाठक, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, संतोष कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता, मनीष, पप्पू और कल्लू आदि सक्रिय हैं।

## एमओ को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनियाडीह बराही पंचायत के पोखराही गांव के जनवितरण लाभुको ने एमओ को आवेदन देकर दुकानदार पर तीन महीने का राशन नहीं देने व कम अनाज देने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पांच केजी प्रति व्यक्ति की जगह साढ़े चार केजी ही अनाज दिया जाता है। लाभुको ने आवेदन में यह भी बताया कि पर्ची निकाल ली जाती है, जबकि राशन नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर डीलर सुरेंद्र कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की है। आवेदन देने वालों में मिंता देवी, रीमा देवी, सुरेंद्र पासवान, कृष्णा विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, पार्वती कुंवर, गया पासवान, अर्जुन राम, संजय राम, मंजू देवी, वसंत कुमार, रजनीश कुमार, रीना देवी, करण कुमार, सूरज विश्वकर्मा और शारदा देवी आदि शामिल है।

## पूजा लाइव फैशन एंड फुटवियर का उद्घाटन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंगवार मेन बाजार में पूजा लाइव फैशन एंड फुटवियर नामक शॉप का उद्घाटन मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती गांव में इस तरह का प्रतिष्ठान खुलना गांव के विकास का परिचायक है। वहीं, शॉप के प्रोपराइटर दीपक गुप्ता ने कहा कि हमारी कोशिश गांव के लोगों तक उचित मूल्य पर हर सामान पहुंचाना होगा। मौके पर अरविंद राम, मुकेश साव, संजय ठाकुर, अरविंद गुप्ता, पवन चौधरी आदि मौजूद थे।

# झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पहुंची पलामू

**डीसी एवं अन्य अधिकारियों ने किया ट्रॉफी का अनावरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आगमन पलामू में हुआ। समाहरणालय में डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, डीडीसी रवि आनंद, सदर




एसडीओ राजेश साह आदि ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया। डीसी ने कहा कि यह पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है कि इस तरह का बड़ा आयोजन हमारे राज्य में हो रहा है। सभी पलामू वासी इस बड़े आयोजन का लुफ्त उठाएंगे। ज्ञात हो कि रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड वूमेन एशियाई चैंपियंस ट्राफिक आयोजन किया जाना है।

## मृतक के परिजनों को मिली बीमा राशि

**सतबरवा /पलामू (अजाद सिपाही )।** सतबरवा प्रखंड अंतर्गत बकोरिया पंचायत के ग्रामीण बैंक में दीपक आजीविका सखी मंडल की सदस्य तारों देवी बैंक सखी के माध्यम से प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करवाई थी। जिसका पांच सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया । तारो देवी ने पति शंभू सिंह को नॉमिनी बनाया था। बीमा क्लेम सेटलमेंट के तहत दो लाख रुपए की राशि का चेक नॉमिनी शंभू सिंह को एक महीने के अंदर बैंक सखी के प्रयासों से प्रदान किया गया। तारों देवी अपने पीछे दो बेटा और पांच बेटियां छोड़ कर गई है। इस मौके पर बीपीओ एफआई, शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, बैंक के कर्मचारी तथा कलस्टर के सामुदायिक समन्वयक उपस्थित थे।

## पूजा समितियों को दिया जरूरी दिशा निर्देश

# डीसी और एसपी ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण, लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन एवं एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार षष्ठी को शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद मांगा। डीसी व एसपी ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालो में पहुंचकर समिति के सदस्यों से तय मानकों के अनुरूप पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यक सुरक्षा व सफाई व्यवस्था बरकरार रखने का निर्देश



दिया। सभी आयोजकों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष के अलग-अलग निकास व प्रवेश द्वार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही आयोजन स्थल पर सीसीटीवी, अग्निशमन, बिजली, प्रकाश आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। पंडाल भ्रमण के दौरान आयोजकों द्वारा आकर्षक पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था को देख उपायुक्त ने खुशी जाहिर की।

## पंचायत विकास सूचकांक पर हुसैनाबाद में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पंचायत विकास सूचकांक पर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड समन्वयक राजू रंजन व पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि गांवों के समग्र विकास के लिए योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। पंचायत विकास सूचकांक में गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका ग्राम, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ एवं हरित पंचायत बनाने की बात कही। साथ ही आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन पंचायत, महिला हितैषी पंचायत को संकेतक जैसी बिंदुओं पर विशेष फोकस करने की बात कही। प्रखंड समन्वयक राजू रंजन ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायत विकास सूचकांक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रखंड स्वच्छता समन्वयक जयप्रकाश सिंह, मुखिया सरिता कुमारी, ममता कुमारी, श्रवण राम, अमरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश राजवंशी, लाल सिंह, आत्मेश सिंह, अशोक चौधरी, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, बिमलेश पासवान, अशोक यादव, रामलखन यादव, गुड्डू सिंह व शिवशंकर यादव आदि थे।

**कार्रवाई :** पूजा के दौरान श्रद्धालुओं से थी लूटपाट की योजना, दो देसी कट्टा व कारतूस बरामद

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो अंतरराज्यीय लुटेरे

**आरोपितों में से एक लूट के मामले में बिहार के मुंगेर में जा चुका है जेल**

## धनबाद पुलिस पहले से ज्यादा सजग, लोग बेफिक्र होकर लें त्योहारों का आनंद : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे अंतरराज्यीय गिरोह के दो लूटेरों को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के छाईगदा से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी विस्तृत जानकारी दी। कहा कि दुर्गापूजा को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरह चौकस है। जिसका परिणाम भी दिख रहा है। बैंक मोड़ पुलिस ने भूली निवासी राजू मिश्रा और दारा सिंह घटवार नामक समाजविरोधियों को दो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे मुंगेर से हथियारों को खरीदे थे। इनमें से राजू मिश्रा पूर्व में लूट के मामले में मुंगेर जेल में बंद था। दोनों अपराधी पूजा में सुनसान स्थान और देर रात रेलवे स्टेशन पहुंचने वालों को हथियार का भय दिखाकर लूटने की फिराक में थे।



पकड़े गए लूटेरों की जानकारी देते धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार व अन्य

### पुलिस पहले से ज्यादा सजग

एसएसपी ने कहा कि जिलेवासी पूरी तरह से भयमुक्त होकर दुर्गापूजा का आनंद लें। पुलिस पूरी तरह सजग है। हमारी कोशिश है कि घटना को अंजाम देने से पहले ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में हों। उन्होंने कहा कि बीते गुरुवार को पूरे जिले भर में पुलिस के साथ डीसी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हर स्थान पर इस वर्ष पुलिस की टीम सजग दिखेगी। इस का असर पूजा के दौरान आपको देखने को मिलेगा।

## श्री राम कथा स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने स्टेडियम पहुंची विधायक पूर्णिमा सिंह



**झरिया (आजाद सिपाही)।** रघुकुल परिवार की ओर से जेलगोड़ा जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय श्री राम कथा की तैयारी का जायजा लेने शुक्रवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह स्टेडियम पहुंची। विधायक ने यहां कथा में आने वाले अतिथियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर पंडाल निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक ने मौके पर मौजूद सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार को विधि व्यवस्था और बेहतर यातायात सुविधा बहाल करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब हो कि देश के सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री राजन जी महाराज द्वारा 25-26 और 27 अक्टूबर को जेलगोड़ा स्टेडियम में श्री राम जी का कथा होना सुनिश्चित है। इस दौरान आयोजन स्थल पर विधायक के देवर सह कांग्रेस नेता हर्ष सिंह, जोड़ापोखर थाना प्रभारी बिनोद उरांव, झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, पूर्व पार्षद चंदन महतो, मृणालकांत सिंह, सुबोध सिंह, सोनू गोराई, आजाद, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण दुर्गापूजा को लेकर निरसा मैथन में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** दुर्गापूजा को लेकर शुक्रवार को निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में निरसा और मैथन में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव, एमपीएल ओपी प्रभारी सुभाष चंद्र शर्मा, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर नयन सुख दादेल, एग्यारकुंड सीओ कृष्णा मरांडी, निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहद्दार मुख्य रूप से उपस्थित थे। फ्लैग मार्च निरसा थाना से शुरू होकर निरसा बाजार होते हुए निरसा सिनेमा हॉल तक पहुंचा। एमपीएल ओपी क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च निकाया गया। इसके बाद मैथन ओपी क्षेत्र के संजय चौक से लेकर मैथन मेन गेट, ओटो स्टैंड एरिया नंबर चार होते हुए मैथन बाजार तक भ्रमण कर लोगों को शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही असमाजिक तत्वों को यह संदेश दिया गया कि किसी प्रकार की गड़बड़ी करने पर उनसे प्रशासन सख्ती से निपटने को पूरी तरह तैयार है। निरसा इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर दुर्गापूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। जितने भी संवेदनशील क्षेत्र हैं उस जगह व पूजा पंडालों की कमेटियों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।



## राजद नेत्री ने किया 188 कन्याओं का पूजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र की षष्ठी (शुक्रवार) को चिरकुंडा उपर बाजार दुर्गा मंदिर के पंडाल में 188 कन्याओ का पूजन राजद नेत्री व समाजसेवी सुनीता सिंह ने किया। सर्वप्रथम मंदिर के पुरोहित से संकल्प कराया गया। उसके बाद चिरकुण्डा नगर के विभिन्न स्थानो से आई कन्याओ का सुनीता सिंह ने अपने सभी सहयोगी के साथ मिलकर पैर धोए, आलता लगाया, हाथो में मौली-सुता बांध कुमकुम लगाया और सिर पर चुनरी बांध कर प्रसाद दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुनीता सिंह ने सभी देवी रूप कन्याओ से चिरकुण्डा नगरवासियों के लिए ऐश्वर्य, धन धान्य के साथ ही देश की रक्षा करने वाले पुलिस प्रशासन व सैनिको के लिए बल और बुद्धि की कामना की। वहीं, मंदिर कमेटी के रंजीत साव, प्रमोद साव के साथ ही सभी सदस्यों को जय माता दी का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। ब्रह्माकुमारी चिरकुंडा से आई हुई पिंकी दीदी और सभी बहनो ने भी कन्याओ का पूजन किया। मौके पर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा, राजद नगर अध्यक्ष उपेंद्र यादव, युवा राजद नगर अध्यक्ष मो सोनू खान, विजय साव, दिपक राय, संतोष साव, बिक्की साव, मदद कुमार, पूजा गुप्ता, ममता रवानी, सारदा सिंह, किरन साव, जयंती वर्णवाल, खुशबु कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## सिंदरी में बना 65 फीट लंबा रावण

**1967 से सिंदरी में हो रहा रावण दहन आतिशबाजी सहित प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, मांता सीता और हनुमान की झांकी मुख्य आकर्षण**

शब्बीर हुसैन

**धनबाद।** दशहरा में रावण दहन आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र होता है। बुराई पर अच्छाई की जीत को समर्पित इस पर्व के अखिरी दिन रावण दहन देखने हजारों लोगों पहुंचते हैं। इस बार भी दशहरा में सिंदरी के शहरपुरा स्थित शिव मंदिर कमेटी का रावण दहन काफी आकर्षक होने वाला है। पूजा कमेटी की ओर से करीब चार लाख रुपये की लागत से 65 फूट लंबे रावण के पुतले को मूर्त रूप देने के लिए कलाकार दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

### 1967 में हुई थी शुरूआत

रावण दहन की तैयारियों एवं इसकी विशेषताओं को लेकर शिव मंदिर कमेटी शहरपुरा के सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि शाहरपुरा शिव मंदिर में 1967 से रावण दहन की शुरूआत हुई थी। उस समय पूरे एकत्रित बिहार में पटना के गांधी मैदान और सिंदरी में ही रावण दहन होता था। इस बार रावण दहन को लेकर चार लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। दहशहरा के दिन संध्या छह बजे से रावण दहन की शुरूआत होगी।



### आतिशबाजी होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

दिनेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष 65 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा रावण का पुतला बनाया जा रहा है। कारीगर पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यहां के रावण दहन की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देखने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावे बोकारो सहित पश्चिम बंगाल के कई जिलों से भी लोग पहुंचते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी रावण दहन के दौरान आतिशबाजी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इसके अलावे यहां भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की निकलने वाली झांकी विशेष होती है। वहीं, सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि जब से सिंदरी में रावण दहन की शुरूआत हुई तब से आज तक मुख्य अतिथि के रूप में सिंह मेंशन परिवार के सदस्य ही यहां आते हैं। शुरूआती दौर में स्व सूर्यदेव सिंह, उसके बाद बच्चा सिंह, कुंती सिंह, संजीव सिंह और अब रागिनी सिंह इस परंपरा को निभा रही हैं। इस वर्ष भी 24 अक्टूबर को रागिनी सिंह मुख्य अतिथि रहेंगी।

**बोकारो जिले के सभी प्रखंड अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण**

# दुकान स्तर पर की जाये सतर्कता समिति का गठन लाभुकों की सूची दुकान के बाहर लगायें : डीएसओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को शतप्रतिशत कार्डधारियों का सत्यापन कर मृत व्यक्तियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में दो दिनों से जन वितरण प्रणाली दुकानों की गहन जांच चल रहा है। इसी क्रम में चास, जरीडीह प्रखंड, कसमार एवं पेटरवार में गुरुवार, जबकि चंद्रपुरा, नावाडीह एवं बेरमो के जन वितरण प्रणाली दुकानों का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। इसकी जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको ने दी। उन्होंने बताया कि सभी दुकानों में विक्रेताओं द्वारा मृत व्यक्ति के संबंध में की गयी लाभुको की जांच एवं सत्यापन कार्य की जांच व सभी विक्रेताओं को 25 अक्टूबर तक शतप्रतिशत जांच कर मृत व्यक्तियों की सूची सर्तकता समिति से सत्यापित कर संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि लाभुकों के राशनकार्ड का अवलोकन कर एक-एक मृतक का नाम दर्ज है या नहीं लाभुकों से मिलकर सत्यापन किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा सर्तकता समिति के सदस्यों की सूची एवं लाभुको की सूची प्रदर्शित नहीं पाये जाने के संबंध में सभी विक्रेताओं को दुकान स्तर पर सर्तकता समिति का गठन कर सूची एवं लाभुको की सूची दुकान के बाहर लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि इसका अनुपालन एक सप्ताह के अंदर नहीं किए जाने पर जन वितरण प्रणाली के अनुज्ञप्तिधारक पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।



राशन कार्डधारियों का सत्यापन करती महिला अधिकारी।

## सांसद और पूर्व मंत्री ने संयुक्त रूप से किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुराना बाजार रेलवे सिनेमा रोड स्थित श्रीश्री गौरव मां दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपना 50 वां वर्षगांठ मना रही है। 1974 में शुरू हुए इस पूजा का यह स्वर्णजयंती वर्षगांठ है। पूजा पंडाल का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद पशुपतिनाथ सिंह व पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने संयुक्त रूप से किया। पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य की थीम पर पूजा पंडाल को तैयार किया गया है। माता की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रामा शंकर सिंह, सचिव उपेंद्र सिंह, जयेश चंद्र राय, दिनेश सिंह, दुखन राय, दयानंद मिश्रा, ललित वर्मा, संजीव सिंह, पीयूष सिंह, अखिलेश गुप्ता, दुर्गा दास बोस, राम सिंह, ललित वर्मा, बबलू गुप्ता, नीरज गुप्ता, बिंदा, राघवेंद्र यादव आदि मौजूद थे।



छऊ नृत्य की थीम पर पूजा पंडाल

## मंत्री बेबी देवी ने किया 15वें शहीद गणेश महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। बिनोद बिहारी महतो ग्रामीण स्टेडियम नावाडीह में आयोजित 15वें शहीद गणेश महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को झारखंड के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, अखिलेश महतो, जय नारायण महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, गणेश प्रसाद महतो, सचिव सोनाराम हेम्ब्रम आदि भी मौजूद थे। उद्घाटन मैच दांदुडीह तेलों व सरैयाटांड अलारगो के बीच खेला गया। जिसमें सरैयाटांड की टीम 3-0 से विजयी रहा।**


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**( जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा ) (जिला खेल कार्यालय)**
Email id- sportskhunti2017@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची द्वारा खूँटी जिले के अंतर्गत संचालित कुल–01 (एक) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर से निविदा आमंत्रित की जाती है।
तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक दिनांक–03.11.2023 को अपराहन– 3.30 बजे तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, खूँटी में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक –03.11.2023 को ही अपराहन– 4.00 बजे समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति आपेक्षित है।

जिले के (01) एक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र की सूची निम्नवत है :–
1. आवासीय बालक हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस०एस० हाई स्कूल स्टेडियम, खूँटी/प्रशिक्षुओं की सं०–25(खिलाड़ियों की संख्या –छुट्टी/प्रतियोगिताओं में जाने पर कम हो सकती है जिसका भुगतान नहीं किया जायेगा।)

**नोटः**–निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.khunti.nic.inमें देखा जा सकता है।

PR.NO.309718 District(23-24):D
ह0/– उपायुक्त, खूँटी।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**
**अतिअल्पकालीन उद्धरण (कोटेशन) सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं जॉच कार्य हेतु अधिकतम 27,000/– (सताईस हजार रुपये मात्र) के मासिक किराये पर नये डीजल ए०सी० वाहन SCORPIO TOP MODEL (Jharkhand Commercial Registration अनिवार्य है) की दिनांक–01.11.2023 से (इंधन रहित) आपूर्त्ति हेतु दिनांक–30.10.2023 के अपराहन 3:00 बजे तक न्युनतम दर हेतु उद्धरण (कोटेशन) मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक–30.10.2023 को ही अपराहन 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा। उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर चालक वेतन एवं सभी कर सहित होगा। ज्ञात हो कि मासिक किराया भुगतान हेतु राशि कार्यालय में उपलब्ध है।
उद्धरण की शर्त्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है तथा किसी तरह की जानकारी हेतु निम्नलिखित फोन नं0/मोबाईल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**E-mail ID-rwdhazaribag@gmail.com**
**Phone No.-06546265286 / 9431104640**

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 309666 Rural Work Department(23-24)D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
**( जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा )**
**(जिला खेल कार्यालय)**
*Email id-* sportsgumla@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 549 दिनांक 29.09.2023 के आलोक में **"सहाय योजना"** अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत/शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर 14–19 वर्ष के युवको एवं युवातियों की फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स (100मी०,200मी०,400मी० दौड़ एवं लॉग जम्प) एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगितायों का आयोजन कराया जाना है, उक्त के आलोक में पंचायत/वार्ड स्तर पर इच्छुक गठित टीमवार खिलाड़ियों की सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, गुमला के माध्यम से जिला खेल कार्यालय, गुमला को उपलब्ध कराया जाय।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी,
गुमला।

PR 309693 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय**
**मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

**Expression of Interest (EOI)**

अपर कार्यकारी निदेशक , झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाईटी, झारखण्ड रांची के पत्र संख्या 03 (वि), AB PMJAY –11/2023-657 दिनांक 30 अगस्त 2023 के द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कोडरमा जिले के सभी सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों (सदर अस्पताल कोडरमा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा, जयनगर, मरकच्चो, सतगावां प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चंदवारा और रेफरल अस्पताल डोमचांच) के आसपास के दवा विक्रेता, पैथोलॉजी जाँच केंद्र, एवं ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स विक्रेता को सूचीबद्ध किया जाना है । उक्त के दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी या सप्लायर से मुहरबंद EOI दिनांक 31.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन– 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में EOI आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 02.11.2023 को अपराह्न 4:00 बजे EOI निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। EOI खोलने के समय EOI दाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को रहना अनिवार्य है। दवा विक्रेता, पैथोलॉजी जाँच केंद्र, एवं ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स विक्रेता को सूचीबद्ध हेतु विवरणी (Specification) एवं EOI के नियम एवं शर्ते www.koderma.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

सिविल सर्जन–सह–सचिव
जिला स्वा0 समिति, कोडरमा

PR.NO.309721 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/JMT/2023-24**

1. विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 30.10.2023 up to 4.00 अपराह्न
4. निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय : 31.10.2023 up to 1.00 अपराह्न
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 31.10.2023 up to 4.00 अपराह्न
6. परिमाण विपत्र प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया ।
7. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200 mm x165 mm x120 M deep High Yield Drilled Tube well near H/O Sri Vikash Yadav in village Brindah, Panchayat - Lariyadih, Block - Koderma under D W & S Division, Jhumri Telaiya for the year 2023-24 under CSR Fund | 2,72,273/- | 5500/- | 750/- | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट एवं daa.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !
स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अभय टोप्पो,)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
झुमरीतिलैया

PR309660 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## न्यूज रील्स

### सोनिया जी की मदद के बिना तेलंगाना नहीं बन पाता: राहुल



हैदराबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि साल 2004 में कांग्रेस ने आपसे तेलंगाना बनाने का वादा किया था। सोनिया जी ने तेलंगाना बनाने में आपकी पूरी मदद की। मैं ये भी कह सकता हूं कि अगर सोनिया जी ने तेलंगाना की मदद नहीं की होती, तो तेलंगाना बनता ही नहीं। राज्य के एक परिवार के पास सारा पैसा जाता है, आपका सारा पैसा केसीआर परिवार को मिलता है। पिछले 10 साल केसीआर ने आपसे पैसा लूटा है। राहुल गांधी ने तेलंगाना में अंबेडकर स्टेच्यू सर्कल से लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

## नयी पहल : पूरे भारत में किसी भी एम्स में अपनी तरह की एक पहल

# एम्स भुवनेश्वर ने जनता के लिए इ-भुगतान सुविधा शुरू की

**लोग एम्स भुवनेश्वर स्वास्थ्य ऐप के माध्यम से किसी भी यूपीआई/वॉलेट/क्रेडिट/डेबिट/नेट-बैंकिंग के माध्यम से फोन से भुगतान कर सकते हैं**

**त्वरित और सुविधाजनक तरीके से ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने में सक्षम बनाने की प्रणाली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूरे भारत में किसी भी एम्स में अपनी तरह की पहली पहल में, एम्स भुवनेश्वर ने शुक्रवार को जनता के लिए इ-भुगतान सुविधा शुरू की है। यह सुविधा मरीजों और उनके रिश्तेदारों को एम्स भुवनेश्वर स्वास्थ्य ऐप के माध्यम से किसी भी यूपीआई/वॉलेट/क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट-बैंकिंग का उपयोग करके त्वरित और सुविधाजनक तरीके से अपनी फीस का ऑनलाइन भुगतान करने में सक्षम बनायेगी। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रो (डॉ) आशुतोष विश्वास ने इस सुविधा का शुभारंभ करते हुए कहा कि एम्स भुवनेश्वर को पेपरलेस बनाने के लिए ई-पेमेंट गेटवे एक कदम आगे है। ऑनलाइन भुगतान प्रणाली देश भर के मरीजों और उनके रिश्तेदारों को अपने घरों या कार्यालयों में आराम से समय पर अपनी फीस का सुरक्षित भुगतान करने की अनुमति देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को अपनाने और जनता को समय बचाने की सुविधा प्रदान करने के लिए, राष्ट्रीय संस्थान ने डिजिटल भुगतान प्रणाली का विकल्प चुना है। डॉ विश्वास ने कहा कि यह प्रणाली निश्चित रूप से उपचार प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में जनता की मदद करेगी। यह सुविधा शुक्रवार से ही लागू हो जायेगी।




एम्स भुवनेश्वर की इ-भुगतान प्रणाली का लाभ प्राप्त करने के लिए, किसी व्यक्ति को सुविधा के सुचारू उपयोग के लिए कुछ चरणों का पालन करना होगा। पहले चरण में व्यक्ति को गुगल प्ले स्टोर से एम्स भुवनेश्वर स्वास्थ्य ऐप डाउनलोड करना होगा। चरण 2 में, उसे पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। फिर लाभार्थी को एक ओटीपी नंबर प्रदान किया जाएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद स्वास्थ्य ऐप पेज प्रदर्शित होगा। फिर यूजर को बिलिंग प्रक्रिया का चयन करना होगा, जिसके बाद डिजिटल भुगतान प्रक्रिया होगी। उपयोगकर्ता को सुविधाजनक के रूप में वांछित विकल्प का चयन करना होगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद, एक रसीद प्रदर्शित की जायेगी, जिसे आगे उपयोग के लिए डाउनलोड किया जा सकता है। भुगतान प्रक्रिया पूरी होने के बाद, मरीजों को बिलिंग काउंटर पर लंबी कतारों से बचने के लिए सीधे नमूना संग्रह काउंटर पर जाना होगा।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक डॉ विश्वास के साथ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीडीए (प्रभारी) रस्मी रंजन सेठी, आइटी अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार मोहंती और आईटी विभाग के सदस्य उपस्थित थे। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि एम्स भुवनेश्वर ने डिजिटल इंडिया मिशन के उद्देश्यों को अपनाने के लिए पहले ही ई-शुश्रुत (एचएमआईएस), एचआरएफएमएस, इ-ऑफिस प्रणाली लागू कर दी है। लंबी कतारों और भीड़ से बचने के लिए एम्स भुवनेश्वर जनता को इस ई-भुगतान सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए सूचित करेगा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक – 18.10.2023

ई-निविदा सं.: 37-GS-DHN-2023-24, क्र. सं.: 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद एलएचबी कोच रखरखाव के लिए धनबाद कोचिंग सिक लाइन के उन्नयन का कार्य के साथ-साथ धनबाद कोच रखरखाव पिट नंबर 4 का 60 मीटर तक विस्तार, पिट नंबर 3 का 30 मीटर का विस्तार एवं पिट नंबर 2 का 50 मीटर का विस्तार के एल के इन्ड के लिए सिविल एवं इलेक्ट्रिकल (जी) का समग्र कार्य।, 18 महीने, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** ₹ 14,63,96,112.72, **बयाने की राशि (रू. में):** बयाने की राशि (रू. में) http:// www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 09.11.2023 को 17:00 बजे तक, ई-निविदा खुलने की तारीख 10.11.2023 को 12:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोट:** (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01444/डीएचएनजीएस/इंजी./टी/23-24/44







## धनवार के पलंगी से जेरुआडीह तक पथ निर्माण के लिए भूमिपूजन

# यातायात की सुविधा से ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास संभव : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यातायात की सुविधा से ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास संभव है। सड़कों का निर्माण होना बहुत जरूरी है। श्री मरांडी शुक्रवार को धनवार के पलंगी से जेरुआडीह तक निर्माण के लिए पास पथनिर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोड के साथ बिजली और सिंचाई की व्यवस्था हो जाये, तो ग्रामीण स्तर की समस्याएं बहुत हद तक हल हो सकती हैं। भाजपा की सरकार बनी, तो पूरे झारखंड में चहुमुखी विकास होगा।



भूमि पूजन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

### विकास पुरुष बाबूलाल मरांडी ने ही रोड पास कराया : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उक्त रोड के निर्माण के लिए बाबूलाल मरांडी के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें विकास पुरुष कहा। उन्होंने कहा कि इस रोड का निर्माण वर्षों से जरूरी था, लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। पिछले वर्ष जब हमारे विकास पुरुष के संज्ञान में आया, तो उन्होंने हर स्तर पर प्रयास कर इसे पास कराया। उन्होंने धनवार विधानसभा एवं प्रदेशवासियों को दुर्गापूजा की बधाई दी तथा माता रानी से प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-शांति की कामना की।

### गुणवत्तापूर्ण हो रोड का निर्माण : अन्नपूर्णा देवी

कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवेदक को रोड का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने देश के विकास में प्रधानमंत्री के कार्यों की विस्तृत चर्चा की। स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय सारिणी में बदलाव, रेमा में ठहराव तथा झारखंडधाम में होल्ट के लिए रेल मंत्री से पत्राचार का भरोसा भी दिया। कार्यक्रम को प्रमुख गौतम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,नेता कामेश्वर पासवान, उदय सिंह, अजय रंजन ने भी संबोधित किया।







## जिंदल स्टेनलेस ने तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किये

# बिक्री 543,619 एमटी और आय 9,720 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किये। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में कंपनी की एकल बिक्री 543,619 मीट्रिक टन (एमटी) रही, जो बढ़ती घरेलू मांग और विश्व में कम मांग के बीच बाजारों की जरूरतों को पूरा करने में कंपनी की कुशलता के कारण पिछले वर्ष की तुलना में 26% अधिक है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में कंपनी की एकल शुद्ध आय 9,720 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल के मुकाबले 14% अधिक है। जहां एकल एबिट्डा 1,070 करोड़ रुपये रहा, वहीं एकल कर पश्चात मुनाफा (पीएटी) 609 करोड़ रुपये रहा। तिमाही का शुद्ध ऋण




2,149 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इक्विटी के मुकाबले शुद्ध ऋण अनुपात पहले की तरह रहा, जो धातु क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अनुपात में से एक है। तिमाही के शुद्ध ऋण/एबिट्डा में सुधार हुआ है और यह 0.5 रहा है। इस बीच समेकित शुद्ध आय 12% वृद्धि के साथ 9,797 करोड़ रुपये रही। समेकित एबिट्डा और कर पश्चात मुनाफा क्रमशः 1,231 करोड़ रुपये एवं 764 करोड़ रुपये रहा।

निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 50% यानी 1 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (प्रति 2 रुपये अंकित मूल्य) की दर से अंतरिम लाभांश के भुगतान को भी मंजूरी दीहै। भुगतान के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि 28 अक्टूबर, 2023 निर्धारित की गयी है। लाभांश का भुगतान 17 नवंबर, 2023 को या उससे पहले, यानी अनुमोदन के 30 दिन के अंदर किया जायेगा। कुल भुगतान लगभग 82.34 करोड़ रुपये होगा।

स्टेनलेस स्टील की घरेलू मांग में वृद्धि जारी रही। आगामी त्योहारी सीजन से पहले ऑटो सेगमेंट और अन्य उपभोक्ता क्षेत्रों में कंपनी की बिक्री में बढ़ोतरी देखी गयी। हाल ही में चंद्रमा पर पहुंचनेवाले चंद्रयान-3 के मोटर आवरण में जिंदल स्टेनलेस के स्वदेशी रूप से विकसित, तापरोधी, उच्च गुणवत्तावाले, विशेष किस्म के अलॉय इस्पात का उपयोग किया गया था, जिससे अंतरिक्ष के क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत हुई। रियायती और गुणवत्ता रहित विदेशी आयात के अनियंत्रित प्रवाह के कारण भारतीय निर्माताओं, विशेष कर एमएसएमइ को एक बार फिर समान अवसर नहीं मिल पाये।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**